VPL

वर्ष 10 अंक 105
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
22 जनवरी 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20






03 दिल्ली में गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के कारण यातायात प्रतिबंध .. | 06 बेतवा नदी की दुर्दशा पर उदासीन शासन-प्रशासन | 11 चैंपियंस ट्रॉफी टीम में नहीं होने का मलाल नहीं: सूर्यकुमार



''लोकतन्त्र में - राष्ट्र, आपके धर्म और आपकी अपनी रक्षा आपके 'वोट देने' से ही होगी।''
- रिखब चन्द जैन



डॉ रिखब चन्द जैन (संस्थापक)
अश्विनी उपाध्याय (संरक्षक)
सुरेन्द्र गुप्ता (संरक्षक)
मणीन्द्र जैन (संरक्षक)
विपिन गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष)

- वोट अवश्य दें।
- वोट न बेचें।
- जाति, धर्म, लिंग, रंग, क्षेत्र के आधार पर वोट न दें।
- अहिंसा में विश्वास वाले को ही वोट दें।
- अपराधीओं को वोट न दें।
- 'मतदाता मित्र' बने औरों को वोट देने के लिए प्रेरित करें।
- बिना वोट दिए कोई न रहे।
- वोट के बदले नगद, तोहफे, शराब, सामान न लें।
- वोट योग्य व्यक्ति निःस्वार्थी और सेवाभावी, आतंकवादी को वोट न दें।
- अपराधियों को टिकट देने वाली पार्टी का बहिष्कार करें।
- सही वोट से ही सही प्रतिनिधि और सही सरकार।

भारतीय मतदाता संगठन
गैरराजनैतिक • संवाद आधारित • संघर्ष विहिन • सर्वधर्म समभाव
तीसरी मंजिल, 70 कैलाश हिल्स, नई दिल्ली
Email: bhartiyamatdata@gmail.com





खुशी केवल पैसों में नहीं बल्कि सफलता के आनंद में है!
''



Saurabh Shivhare
Saurabh_SS19



RERA REGISTRATION NO.:
RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024
(WWW.HARYANARERA.GOV.IN)

SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR

SECTOR 71, GURUGRAM

3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


# दिल्ली चुनाव: भाजपा ने सरकारी संस्थानों में 'केजी से पीजी' तक मुफ्त शिक्षा सहित किए कई वादे

**नयी दिल्ली,** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपने चुनावी घोषणापत्र का दूसरा हिस्सा जारी किया जिसमें सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों के लिए 'केजी से पीजी' तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया गया है तथा घरेलू नौकरों और ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए 10 लाख रुपये का बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना कवर देने का आश्वासन दिया गया है।



पार्टी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त सहायता का भी वादा किया।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने दिल्ली में महिलाओं, छात्रों, बुजुर्गों, ऑटो-टैक्सी चालकों, घरेलू कामगारों, धोबी, फेरीवालों, मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा ग्रंथियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए मुफ्त में योजनाओं का अंबार लगा दिया है। भाजपा के संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा जारी करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में आप सरकार के सत्ता में आने पर सभी 'अनियमितताओं' और 'घोटालों' की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया जाएगा।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि घोषणापत्र में किए गए वादों की व्यापक रूपरेखा पहले ही बताई जा चुकी है और पार्टी की सरकार बनने के बाद अंतिम तौर तरीकों और पात्रता मानदंड पर काम किया जाएगा। ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता और दो बार फीस और यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति करेगी। भाजपा ने यह भी आश्वासन दिया कि दिल्ली में उसकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पॉलिटेक्निक और कौशल केंद्रों में अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों को 1,000 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने के लिए 'डॉ बी आर आंबेडकर वजीफा योजना' शुरू करेगी। भाजपा ने आखिरी बार 27 साल पहले दिल्ली की सत्ता संभाली थी। इसके बाद से वह यहां की सत्ता से बाहर है। पार्टी 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में क्रमशः केवल तीन और आठ सीट ही हासिल कर पाई थी। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह घरेलू कामगारों और ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए कल्याण बोर्ड गठित करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बोर्ड 10 लाख रुपये का बीमा और पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा प्रदान करेगा और घरेलू कामगारों और ऑटो-टैक्सी चालकों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करेगा। उन्होंने महिला घरेलू कामगारों के लिए छह महीने के मातृत्व अवकाश का भी वादा किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेहड़ी-पटरी वालों के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या दोगुनी की जाएगी। पार्टी के सत्ता में आने पर बुनियादी ढांचे में सुधार और कल्याण की भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ठाकुर ने कहा कि आप सरकार राष्ट्रीय राजधानी में जल जीवन मिशन लागू करने में विफल रही है।

उन्होंने दावा किया, ''जल जीवन मिशन के तहत पहाड़ों में 17 हजार फुट की ऊंचाई पर भी नल से पानी आता है लेकिन आप-दा (आप) सरकार ने इसे दिल्ली में लागू नहीं किया।''

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र को 'देश के लिए खतरनाक' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी सत्ता में आने पर सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद करने और मोहल्ला क्लीनिक सहित मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं को खत्म करने की योजना बना रही है।

केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर घोषणापत्र में अपने ''असली इरादे'' जाहिर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी के समर्थन को लेकर आगाह किया। इससे पहले, 17 जनवरी को केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के घोषणा पत्र का पहला हिस्सा जारी किया था। इसमें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने का आश्वासन और 60-70 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2,500 रुपये की मासिक पेंशन और 70 वर्ष से अधिक लोगों के लिए 3,000 रुपये की मासिक पेंशन जैसे वादे शामिल थे।

महिलाओं के लिए पार्टी ने मातृ सुरक्षा वंदना योजना शुरू करने की घोषणा की है जिसके तहत छह पोषण किट और प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये दिए जाने का वादा शामिल है।--


# आरजी कर मामला: राज्य सरकार को अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति मिली

**कोलकाता,** (भाषा) पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर अस्पताल के चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या करने के मामले में दोषी को मौत की सजा देने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में अपील दायर की और अदालत से आवश्यक अनुमति प्राप्त की।

सियालदह अदालत ने संजय रॉय को मामले में मृत्यु तक कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की घोषणा की थी और मुख्यमंत्री की इस घोषणा के 24 घंटे से भी कम समय में राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास द्वारा पारित आदेश को चुनौती देने के लिए मंगलवार सुबह न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी की खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर की। एक अधिकारी ने बताया, ''सरकार ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और अपील दायर करने के लिए अदालत की अनुमति प्राप्त कर ली है।'' उच्च न्यायालय के सूत्रों ने कहा कि अगर अपील दायर करने की प्रक्रिया मंगलवार तक पूरी हो जाती है तो मामले से संबंधित न्यायिक प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरू हो सकती है। सियालदह अदालत ने रॉय को राज्य द्वारा संचालित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के साथ दुष्कर्म करने और उसकी हत्या का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मृत्युदंड की मांग को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह 'दुर्लभतम' अपराध नहीं है।




मान्यवर,
जय श्री राम
अत्यन्त हर्ष का विषय है कि महाकालेश्वर धाम में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के पश्चात बुधवार 22 जनवरी, 2025 को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला एवं माँ दुर्गा की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन शुभ अवसर पर साक्षी होने का सत्भाग्य आपको प्राप्त हो रहा है।



इस अतिविशिष्ट अवसर पर
: मुख्य अतिथि :
माननीय श्री ओम बिरला जी
(अध्यक्ष, लोकसभा, भारत सरकार)



: कार्यक्रम अध्यक्ष:
शारदा पीठाधीश्वर अनन्त श्री जगद्गुरु शंकराचार्य
स्वामी राजराजेश्वराश्रमजी महाराज
देश की आध्यामिक परम्पराओं के संत शिरोमणी एवं महापुरुष, गणमान्य यशस्वीजन इसके साक्षी बनेंगे।
कार्यक्रम में आप सहपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
: प्रतिष्ठा संप्रेषण :
लाला ओमप्रकाश अग्रवाल मैमोरियल ट्रस्ट
महाकालेश्वर धाम, नया मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र : 9837053923, 9837043502, 9837306655


## न्यूज ब्रीफ

### राजौरी जिले के गांव में रहस्यमयी मौतें: मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने किया दौरा

बधाल(जम्मू कश्मीर), (भाषा)जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला मंगलवार को उन शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करने राजौरी जिले के सुदूर बधाल गांव आए जिनके 13 बच्चों सहित 17 सदस्यों की पिछले डेढ़ महीने में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है। केंद्र शासित प्रदेश के जल शक्ति, वन और जनजातीय मामलों के मंत्री जावेद अहमद राणा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद इकबाल चौधरी के साथ गांव पहुंचे अब्दुल्ला ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और कहा, ''इस कठिन समय में हम आपके साथ खड़े हैं''।

# भाजपा का घोषणापत्र 'खतरनाक', सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद कर दी जाएगी: अरविंद केजरीवाल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र को ''देश के लिए खतरनाक'' बताया और आरोप लगाया कि पार्टी मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और सरकारी स्कूलों में शिक्षा को खत्म करना चाहती है।



केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर घोषणापत्र में अपने ''असली इरादे'' जाहिर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी का समर्थन नहीं करने को लेकर आगाह किया। उन्होंने कहा, ''अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वे मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं खत्म कर देंगे और दिल्ली में गरीबों के लिए जीना मुश्किल कर देंगे। यह आम आदमी के कल्याण पर सीधा हमला है।''

भाजपा ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को दिल्ली के लिए जारी अपने पहले चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये की सहायता, 500 रुपये में एलपीजी (घरेलू गैस) सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों को 2,500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जारी पार्टी के दूसरे घोषणापत्र में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की जिनमें सरकारी संस्थानों में 'किंडरगार्टन' से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक जरूरतमंद छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा शामिल है। घोषणापत्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य सिविल सेवा (पीसीएस) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को वित्तीय मदद देने का भी वादा किया गया है जिसके तहत दो प्रयासों तक 15,000 रुपये की मदद दी जाएगी।

केजरीवाल ने भाजपा को अपने घोषणापत्र में सरकारी संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान किए जाने की बात लिखने को लेकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि भाजपा सभी छात्रों के लिए यह सुविधा बंद करने की योजना बना रही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया, ''भाजपा के घोषणापत्र में मुफ्त शिक्षा को केवल ''जरूरतमंद'' छात्रों तक सीमित कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अन्य छात्रों के माता-पिता को अपने बच्चों को मुफ्त शिक्षा का लाभ दिलाने के वास्ते अपने नेताओं के पीछे भागना पड़ेगा। यह उनकी असली मंशा है। वे सभी के लिए मुफ्त शिक्षा को खत्म करना चाहते हैं।'' केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी के शासन में सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली मुफ्त शिक्षा से फिलहाल कुल 18 लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की योजना इन बच्चों को दी जा रही मुफ्त शिक्षा को खत्म कर देगी।

केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा ने अपने पहले घोषणापत्र में मोहल्ला क्लीनिक को बंद करने की योजना की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ेगा क्योंकि उन्हें निजी अस्पतालों और स्कूलों पर निर्भर रहना पड़ेगा जो भारी रकम वसूलते हैं। उन्होंने कहा, ''दो बच्चों की निजी स्कूल फीस का खर्च 10,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। इसके अलावा मोहल्ला क्लीनिक जैसी मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं को सीमित करने की भाजपा की योजना के कारण परिवारों को बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के लिए हर महीने 5,000-7,000 रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा। इसका मतलब है कि औसत परिवार को हर महीने 15,000 रुपये अतिरिक्त खर्च उठाने होगा, जिससे दिल्ली में कई परिवारों के लिए खुद का भरण-पोषण करना लगभग असंभव हो जाएगा।'' उन्होंने तर्क दिया कि भाजपा के प्रस्तावों से दिल्ली के मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की वित्तीय स्थिरता खत्म होने का खतरा है।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा जारी दोनों घोषणापत्र न केवल दिल्ली के लिए बल्कि पूरे देश के लिए खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि ये घोषणाएं आप सरकार के तहत आवश्यक सेवाओं तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करने में हुई प्रगति को सीधे सीधे पलटने वाली हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि उन्होंने ईमानदारी से अपने असली इरादों और उद्देश्यों को स्वीकार किया है। लेकिन जो कोई भी इन घोषणापत्रों को पढ़ेगा, वह गुस्से से भर जाएगा। हमने बार-बार कहा है कि दिल्ली में हमने शिक्षा मुफ्त कर दी है। हमने गरीब परिवारों के बच्चों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था की है। अब भाजपा कह रही है कि अगर वे सत्ता में आए तो वे मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा बंद कर देंगे।'' केजरीवाल ने बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''ये लोग मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा जैसी अन्य योजनाएं भी बंद कर देंगे। गलत बटन मत दबाइए। वरना ये लोग दिल्ली में रहना मुश्किल कर देंगे।''

# जयपुर साहित्य उत्सव 30 जनवरी से तीन फरवरी तक

जयपुर (भाषा) जयपुर साहित्योत्सव (जेएलएफ) का आयोजन होटल क्लार्क्स आमेर में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक होने जा रहा है।

जेएलएफ की आयोजक कंपनी टीमवर्क आर्ट्स द्वारा मंगलवार को यहां जारी एक बयान के अनुसार नोबेल-बुकर पुरस्कार विजेताओं से लेकर, नीति-निमार्ताओं और प्रसिद्ध लेखकों समेत लगभग 600 हस्तियां इस बार जेएलएफ में शामिल होंगी।

जेएलएफ की सह-निदेशक नमिता गोखले ने कहा, गुलाबी शहर की शानदार विरासत, परंपरा और आधुनिक महानगरीय जीवन का मिश्रण इस फेस्टिवल की मूल प्रेरणा है।

टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय ने कहा, पिछले 18 वर्षों में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल विचारों और कहानियों का एक सच्चा उत्सव बन गया है और इसकी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय जयपुर शहर और इसके नागरिकों को जाता है। इस वर्ष जेएलएफ में अभिजीत बनर्जी, अमिताभ कांत, एंड्र्यू ओ'हागन, अनीता आनंद, अन्ना फंडर, अमोल पालेकर, अनिरुद्ध कनिसेटी, बार्नबी रोजर्सन, बेंजामिन मोजर, कावेरी माधवन सहित क्लाउडिया डी राम, डेविड हेयर, डेविड निकोल्स, एस्तेर डुफ्लो, फियोना कार्नारवोन, गीतांजलि श्री, गैथ अब्दुल-अहद, गिदोन लेवी, गोपालकृष्ण गांधी, इजोमा ओलुओ, इम्तियाज अली, इरा मुखोटी, इरेनोसेन ओकोजी, जावेद अख्तर, जेनी एर्पेनबेक, जो बॉयड, जॉन वैलेंट, कैलाश सत्यार्थी, कल्लोल भट्टाचार्जी, कैटी हेसल, लामोर्ना ऐश, लिंडसे हिल्सम, मैत्री विक्रमसिंघे, मानव कौल, मनु एस. पिल्लई, मैट प्रेस्टन, मिरियम मार्गोलिस, मोहिंदर अमरनाथ, नाथन थ्रॉल, पंकज मिश्रा, पीटर सरिस, फिलिप मार्सडेन जैसी हस्तियां शिरकत करेंगी।

# भड़काऊ गीत मामला : न्यायालय ने कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई



नयी दिल्ली (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर एक भड़काऊ गाने के साथ संपादित वीडियो साझा करने के आरोप में गुजरात के जामनगर में दर्ज मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया।

पीठ ने अगली सुनवाई की तारीख 10 फरवरी तय करते हुए कहा, नोटिस जारी करें। दर्ज की गई प्राथमिकी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रतापगढ़ी का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि गुजरात उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किए बिना ही उनके मुवक्किल की याचिका खारिज कर दी।

कांग्रेस नेता ने गुजरात उच्च न्यायालय के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि जांच बहुत प्रारंभिक चरण में है।

जामनगर में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में कथित भड़काऊ गीत के लिए तीन जनवरी को प्रतापगढ़ी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने) और धारा 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिकूल आरोप, दावे) सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई थी। प्रतापगढ़ी द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की गई 46 सेकंड की वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि जब वह हाथ हिलाते हुए चल रहे थे तो उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थीं और पृष्ठभूमि में एक गाना बज रहा था। प्रतापगढ़ी ने प्राथमिकी रद्द करने के लिए दाखिल याचिका में दावा किया कि पृष्ठभूमि में पढ़ी जा रही कविता प्रेम और अहिंसा का संदेश देती है। उन्होंने दावा किया कि प्राथमिकी का इस्तेमाल उन्हें परेशान करने के लिए एक हथियार के रूप में किया गया था और इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे और गलत मंशा के साथ दर्ज किया गया था। प्रतापगढ़ी ने दावा किया कि उनके सोशल मीडिया पोस्ट ने किसी भी तरह से समूहों के बीच द्वेष नहीं भड़काया और अंततः उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से जुड़े होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है।

याचिका में दलील दी गई, प्राथमिकी हल्के और अप्रमाणित आधारों पर आधारित है। प्राथमिकी को देखने से पता चलता है कि कुछ शब्दों को संदर्भ से बाहर लिया जा रहा है। लोक अभियोजक हार्दिक दवे ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि कविता के शब्द स्पष्ट रूप से राज्य की सत्ता के खिलाफ गुस्सा भड़काने का संकेत देते हैं। दवे ने कहा कि चार जनवरी को एक नोटिस जारी किया गया था जिसमें प्रतापगढ़ी से 11 जनवरी को उपस्थित रहने के लिए कहा गया था, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे और 15 जनवरी को एक और नोटिस जारी किया गया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने 17 जनवरी को कहा, दवे ने कहा कि इस पहलू पर विचार करते हुए भी, इस स्तर पर कोई राहत नहीं दी जा सकती क्योंकि जांच बहुत शुरूआती चरण में है और यहां तक कि प्राथमिकी पढ़ने पर भी बीएनएस धारा 197, 302 और 299 के मामले बनते हैं। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से, सोशल मीडिया पर पोस्ट के बाद समुदाय के विभिन्न व्यक्तियों से प्राप्त प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि परिणाम भी बहुत गंभीर था और निश्चित रूप से समाज के सामाजिक सद्भाव को अस्थिर करने वाला था।

# प्राचीन वल्लभी नगरी के अवशेषों की पहचान में उपग्रह आंकड़ों का उपयोग: अध्ययन

अहमदाबाद (भाषा) गुजरात के भावनगर के पास स्थित वल्लभीपुर को मातृका वंश की प्राचीन प्रशासनिक राजधानी माना जाता है तथा पांचवीं से आठवीं शताब्दी के बीच सौराष्ट्र क्षेत्र के सांस्कृतिक भूगोल में प्राचीन वल्लभी शहर महत्वपूर्ण स्थान रखता था। यह जानकारी बेंगलुरु स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एनआईएएस) के आर्य एस. प्रदीप और एम.बी. रजनी के अध्ययन से सामने आई है। उपग्रह आंकड़ों और भू-स्थानिक विश्लेषण के आधार पर इस शोध को जर्नल ऑफ द इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन में वल्लभी के प्रशासनिक केंद्र और बौद्ध मठों की पहचान की गई है।

शोधकताओं ने ऐतिहासिक साक्ष्यों और जनवरी 2023 में की गई क्षेत्रीय यात्रा के अवलोकनों के साथ इन निष्कर्षों का आपसी संबंध होना स्थापित किया। अध्ययन में बताया गया कि मातृका राजवंश के शासकों द्वारा जारी ताम्रपत्रों से सुझाव मिलता है कि वल्लभी व्यापार और बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र था।

शोध के अनुसार, वल्लभी एक दुर्ग वाली राजधानी थी, जिसके भीतर और आसपास कई बौद्ध मठ स्थित थे। सातवीं शताब्दी में भारत आये चीनी यात्री ह्वेनसांग और इत्सिंग ने वल्लभी और नालंदा को चीन के तत्कालीन शैक्षणिक संस्थानों के समान प्रमुख शिक्षण संस्थान थे।

लेखकों ने कहा कि वलभी के टीलों की संरचना नालंदा, विक्रमशिला (दोनों बिहार, भारत) और सोमपुरा (बांग्लादेश) के बौद्ध मठों से मिलती-जुलती है।

शोध में यह भी पाया गया कि वल्लभी का स्थल समुद्र तट के निकट था, जिससे यह संभावना जताई गई कि यह एक बंदरगाह शहर हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि करने के लिए विस्तृत पुरातत्व अध्ययन कराये जाने की आवश्यकता है।

शोधकताओं ने कहा कि वल्लभी की संरचनाओं की जांच से इसके ऐतिहासिक महत्व को और स्पष्ट किया जा सकता है।

# कुलपतियों नियुक्ति का अधिकार, विश्वविद्यालयों का नियंत्रण मुख्यमंत्री के पास होना चाहिए: स्टालिन

करार्इकुडी (तमिलनाडु) (भाषा) तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि विश्वविद्यालयों का प्रशासन राज्य सरकार के पूर्ण नियंत्रण में होना चाहिए तथा इसके कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार भी मुख्यमंत्री के पास होना चाहिए।

स्टालिन ने केंद्र और राज्यपाल पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि राज्य के शिक्षा अधिकारों को बहाल करने के लिए कानूनी लड़ाई जारी रहेगी।

राज्यपाल राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी होते हैं। तमिलनाडु में कुल 20 विश्वविद्यालय हैं जिनमें से कुछ में कुलपति के पद खाली पड़े हैं। कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नीत सत्तारूढ़ सरकार का राज्यपाल के साथ टकराव चल रहा है।



स्टालिन ने यहां तिरुमति लक्ष्मी वलार तमिल पुस्तकालय का उद्घाटन करने के बाद कहा, तमिलनाडु सरकार राज्य विश्वविद्यालयों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करती है। हमारा सवाल है कि क्या कुलाधिपति का पद केवल केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के लिए आरक्षित होना चाहिए?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने शिवगंगा जिले के करार्इकुडी स्थित अलगप्पा विश्वविद्यालय में अपनी मां के नाम पर 12 करोड़ रुपये की लागत से तमिल पुस्तकालय की स्थापना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में 49 प्रतिशत से अधिक के साथ भारत में शीर्ष स्थान पर है और यह राष्ट्रीय औसत से दोगुना है। उन्होंने कहा कि राज्य उच्च शिक्षा में एक प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर रहा है।

स्टालिन ने कहा, इसलिए हम कह रहे हैं कि विश्वविद्यालयों का प्रशासन राज्य सरकार के पूर्ण नियंत्रण में होना चाहिए और कुलपतियों की नियुक्ति मुख्यमंत्री द्वारा की जानी चाहिए, जिन्हें जनता द्वारा चुना जाता है। स्टालिन ने कहा कि राज्य के शैक्षिक अधिकार बहाल होने तक कानूनी और राजनीतिक लड़ाई जारी रहेगी।

चिदंबरम की इस पहल की सराहना करते हुए स्टालिन ने लोगों से आग्रह किया कि वे जहां भी संभव हो, पुस्तकालय या अध्ययन केंद्र स्थापित करें और ज्ञान के प्रसार में मदद करें। उन्होंने तमिल पुस्तकालय को जल्द ही 1,000 पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं चिदंबरम को चलता-फिरता पुस्तकालय मानता हूं। वह ज्ञान का खजाना हैं और राजनीति, इतिहास, कानून, अर्थशास्त्र एवं साहित्य सहित विविध क्षेत्रों का उनके पास गहरा ज्ञान है। इस अवसर पर चिदंबरम ने कहा कि उनकी मां ने उन्हें छोटी उम्र में तमिल और अंग्रेजी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

# 'यूथ4पनुन कश्मीर' ने कश्मीरी हिंदुओं के लिए अलग केंद्र शासित प्रदेश की मांग दोहराई

जम्मू (भाषा) यूथ 4 पनुन कश्मीर (वाई4पीके) ने मंगलवार को घाटी में कश्मीरी हिंदुओं के स्थायी पुनर्वास के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के निर्माण की मांग करने वाले मार्गदर्शन प्रस्ताव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि यह उनकी विरासत के संरक्षण और समुदाय के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का एक प्रारूप है।

संगठन ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू स्थित जगती प्रवासी शिविर (विस्थापित कश्मीरी पंडितों का सबसे बड़ा निवास स्थान) वर्ष 2025 में सभी प्रमुख सामुदायिक कार्यक्रमों का केंद्र होगा, जो समुदाय की एकता का प्रतीक होगा। वाई4पीके के शीर्ष निकाय के सदस्य राहुल कौल ने यहां संवाददाताओं से कहा, जगती घोषणापत्र 1991 के मार्गदर्शन प्रस्ताव के प्रति एक नई प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह हमारी विरासत के संरक्षण और हमारे समुदाय के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक प्रारूप की रूपरेखा तैयार करता है। वाई4पीके ने जगती घोषणापत्र-2025 का अनावरण किया, जो कश्मीरी पंडितों के लिए न्याय, सांस्कृतिक संरक्षण और मातृभूमि में वापसी के लिए संघर्ष को फिर से शुरू करने की एक ऐतिहासिक पहल है।

उन्होंने 19 जनवरी को जगती टाउनशिप में समुदाय का विस्थापन दिवस मनाया। कौल ने कहा, विस्थापन के 35 साल बाद संबंधित सरकारों द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है। हम मार्गदर्शन प्रस्ताव का कार्यान्वयन चाहते हैं। उन्होंने कहा, तीसरा अंतरराष्ट्रीय कश्मीरी हिंदू युवा सम्मेलन जगती में होने वाला है।

यह वैश्विक कार्यक्रम पनुन कश्मीर आंदोलन की रणनीति बनाने और उसे मजबूत करने के लिए युवा कश्मीरी हिंदुओं को एक साथ लाएगा।

## मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव

# 10 उम्मीदवार मैदान में

अयोध्या (उप्र) (भाषा) अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को होने वाले उपचुनाव के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के अजीत प्रसाद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चंद्रभानु पासवान के बीच दिखाई दे रहा है। इन दो मुख्य राजनीतिक दलों के अलावा, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), मौलिक अधिकार पार्टी और राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में हैं। पांच निर्दलीय उम्मीदवार भी उपचुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि उम्मीदवार तीन फरवरी को शाम छह बजे तक प्रचार कर सकते हैं। मतदान पांच फरवरी को होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी। सिंह ने बताया कि इस उपचुनाव में 1.92 लाख से अधिक पुरुष और 1.77 लाख से अधिक महिलाओं समेत 3.70 लाख से अधिक मतदाता हैं जो ईवीएम के जरिए इन 10 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उपचुनाव सुनिश्चित करने के लिए 255 मतदान केंद्र और 414 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उनका कहना है कि इन स्थानों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए चार जोनल और 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे।


वर्ष 2022 में पिछले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुने गए अवधेश प्रसाद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद से सांसद निर्वाचित होने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था जिसके चलते मिल्कीपुर सीट खाली हुई है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि उपचुनाव प्रक्रिया आगामी 10 फरवरी तक पूरी हो जाएगी।

मिल्कीपुर को छोड़कर राज्य की नौ विधानसभा सीट के उपचुनाव पिछले साल 20 नवंबर को हुए थे। सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी सहयोगी रालोद ने नौ में से सात सीट हासिल की थी और सपा ने अन्य दो सीट पर कब्जा किया था।

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार गोरखनाथ को मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद से पराजय का सामना करना पड़ा था।



# दिल्ली में गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के कारण यातायात प्रतिबंध से यात्रियों को परेशानी




**नयी दिल्ली,** (भाषा) गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण मंगलवार को मध्य दिल्ली में भारी यातायात जाम रहा, जिससे सैकड़ों यात्री और वाहन सड़कों पर फंस गए।

आईटीओ के पास बहादुर शाह जफर मार्ग की ओर जाने वाले मार्ग, रिंग रोड की मुख्य सड़कों, आश्रम और आईपी एस्टेट फ्लाईओवर के बीच के मार्ग, मान सिंह रोड, रफी मार्ग, जनपथ रोड, शाहजहां रोड, अकबर रोड, अशोक रोड और कर्तव्य पथ के आसपास के अन्य मार्ग यातायात जाम से बुरी तरह प्रभावित रहे।

कर्तव्य पथ के पास भारी यातायात जाम की तस्वीर 'पोस्ट' करते हुए एक यूजर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''दिल्ली यातायात पुलिस से यातायात प्रबंधन के लिए कहना बेकार है? पूरी मध्य दिल्ली जाम से अवरुद्ध है।''

कुछ यूजर्स ने बताया कि उन्हें दफ्तर के लिए विलंब हो गया है या दिल्ली की सड़कों पर जाम की वजह से काम पर नहीं जाना चाहते।

'एक्स' पर एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया, ''काम के लिए बाहर जाने का मन नहीं कर रहा। दिल्ली में भीषण यातायात जाम है।''

मोटर वाहन चालकों ने यातायात कर्मियों पर यातायात को ठीक से नियंत्रित न करने का आरोप लगाया तथा कहा कि यातायात के लिए मार्ग परिवर्तन के बारे में उचित जानकारी नहीं दी गई।

एक यूजर ने ऑनलाइन मानचित्र की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, ''मध्य दिल्ली जाने वाली सभी सड़कें पूरी तरह जाम हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में एक घंटा से अधिक समय सड़क पर इंतजार करना पड़ रहा है।''

रजत कुमार रोजाना अपनी कार से दफ्तर जाते हैं। उन्होंने कहा, ''आमतौर पर मैं समय पर दफ्तर पहुंचने के लिए सुबह जल्दी निकल जाता हूं। लेकिन आज स्थिति बिलकुल अलग थी। मैं दो घंटे से ज्यादा समय तक जाम में फंसा रहा। मुझे अपने वरिष्ठों को बताना पड़ा कि मैं काम पर देर से पहुंचूंगा।'' उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के कारण सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है और यातायात पुलिस हर नाके पर वाहनों की जांच कर रही है जिससे जाम और बढ़ जाता है।

यातायात पुलिस द्वारा 15 जनवरी को जारी परामर्श में मध्य दिल्ली में सड़कें बंद होने के बारे में जनता को सूचित करने के बावजूद जाम की स्थिति बनी रही।

परामर्श के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के निर्बाध आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की है। परामर्श में कहा गया है कि 17, 18, 20 और 21 जनवरी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में भी भारी यातायात जाम की खबर है। एक यात्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वे एमबी रोड पर दो घंटे तक यातायात जाम में फंसे रहे।

मेट्रो का विकल्प चुनने वाले कुछ यात्रियों ने गणतंत्र दिवस से पहले कड़ी सुरक्षा जांच के कारण स्टेशनों पर लंबी कतारों की शिकायत की।

एक यूजर ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें मेट्रो स्टेशन पर लंबी कतार दिख रही है। यूजर ने पोस्ट में लिखा, ''दिल्ली मेट्रो कृपया हम काम के इतने व्यस्त समय में यह सब नहीं झेल सकते। हम भी यातायात से बचने के लिए दिल्ली मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं। कॉरपोरेट जीवन जीने वालों के लिए यह बड़ा व्यस्त समय होता है। हम सभी जानते हैं कि 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) नजदीक है, लेकिन इस व्यस्त समय में हम ये सब नहीं झेल सकते।''

दिल्ली पुलिस ने पहले एक यातायात परामर्श जारी किया था और कहा था कि कर्तव्यपथ पर परेड की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए चार दिन यातायात को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है।--

# फर्जी प्रॉपर्टी स्कीम में 30 करोड़ की धोखाधड़ी, बिल्डर गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने निवेशकों के साथ 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक रियल एस्टेट कारोबारी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने एक बयान में बताया कि निजी एस्टेट डेवलपर कंपनी के निदेशक आरोपी हरिंदर बशिष्ठा (49) को 13 जनवरी को हिरासत में लिया गया था और वह अब न्यायिक हिरासत में है।

यह मामला 24 मई 2022 को सुनील गुप्ता द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर आधारित है। शिकायत के आधार पर तीन जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सुनील गुप्ता और कई अन्य पीड़ितों ने बिल्डर पर ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-III में एक बिल्डिंग परियोजना में आवासीय इकाई खरीदने के लिए, धोखा देने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, यह परियोजना 2009 में शुरू की गयी थी और इसके अंतर्गत ऑफिस स्पेस, आवासीय इकाई, एक कमर्शियल मॉल और अन्य सुविधाओं का वादा किया गया था। प्रमुख स्थल पर बनने वाली इमारत में प्रमुख आईटी कंपनियां अपने संचालन शुरू करने वाली थीं।

बशिष्ठा और उसके सहयोगियों ने सुनील गुप्ता समेत अन्य खरीदारों को फर्जी दस्तावेज और निवेश पर आकर्षक आय का लालच देकर परियोजना में निवेश करने के लिए मनाया था।

पुलिस बयान में कहा गया कि खरीदारों ने बिल्डर बायर्स एग्रीमेंट (बीबीए) पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, जांच में खुलासा हुआ कि कंपनी के पास इन प्रॉपर्टी को ट्रांसफर करने का अधिकार नहीं था।

यह भी आरोप लगाया गया कि एक ही यूनिट को कई खरीदारों को बेचा गया है। आर्थिक अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमृता गुगुलोथ ने कहा कि बशिष्ठा और उनके सहयोगियों ने निवेशकों से लगभग 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

आरोपी बिल्डर ने करीब साढ़े तीन साल से निवेशकों को बिल्डिंग सौंपने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक प्रोजेक्ट अधूरा है और बिल्डर के खिलाफ 75 शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं।

कंपनी पर आरोप है कि उसने भोले-भाले निवेशकों से बड़ी रकम इकट्ठा की, लेकिन अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रही।

# कालकाजी में भाजपा ने आप कार्यकर्ताओं को धमकाया, सुरक्षा बल तैनात किये जाएं: आतिशी



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री और आगामी विधानसभा चुनाव में कालकाजी से आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार आतिशी ने मंगलवार को निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा "डराया और धमकाया" जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती का अनुरोध किया है। उनके द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि पुलिस के "संरक्षण और सहायता" के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता दिल्ली के लोगों के साथ "खुलेआम गुंडागर्दी" कर रहे हैं और उन्हें "धमका" रहे हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, "यह सब (केन्द्रीय गृह मंत्री) अमित शाहजी के निर्देश पर हो रहा है।"उन्होंने कि भाजपा 2015 और 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव बुरी तरह हारी और इस बार भी उसका यही हश्र होने वाला है। केजरीवाल ने आरोप लगाया, "इसलिए अमित शाह अब दिल्ली के लोगों के खिलाफ गुंडागर्दी करवा रहे हैं।"

कालकाजी के निर्वाचन अधिकारी को दी गई शिकायत में आतिशी ने सोमवार को गोविंदपुरी इलाके में आप कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की घटना का हवाला दिया। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया, "रेखा बस्सी, मणि ममता, आराधना, सुनीता पांडे, शेर सिंह, हरि शंकर गुप्ता और अन्य सहित आप कार्यकर्ताओं को कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मौखिक और शारीरिक रूप से धमकाया गया।"

मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि आप कार्यकर्ताओं को "धमकाने" वालों में उस निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी का भतीजा भी शामिल है। उन्होंने दावा किया कि इस "झगड़े" का वीडियो आप कार्यकर्ताओं ने मोबाइल फोन से बनाया था।

आतिशी ने पत्र में लिखा, "भाजपा कार्यकर्ता खुलेआम आप कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं। अगर ये कार्यकर्ता आप कार्यकर्ताओं पर इतने आक्रामक हो रहे हैं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन इलाकों में रहने वाले मतदाताओं पर इनका कितना प्रभाव होगा।"

उन्होंने मामले में तत्काल कार्रवाई करने और आप कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती का अनुरोध किया।

# ट्रंप के पद पर रहने के दौरान कभी नीरस पल नहीं आएगा: थरूर

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुरुआती बयानों से पता चलता है कि उनके पद पर रहने के दौरान कभी भी कोई नीरस क्षण नहीं आएगा।

उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे रहेंगे।

ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने कई शासकीय आदेश जारी किये और कहा कि अमेरिका का ''स्वर्ण युग'' अभी से शुरू होता है।

पूर्व विदेश राज्य मंत्री थरूर ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''जहां तक भारत का सवाल है, मुझे लगता है कि संबंध मूलतः अच्छी स्थिति में हैं। उनके पहले प्रशासन के दौरान दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध थे, जिनमें एक या दो नकारात्मक बातें मुख्य रूप से व्यापार से संबंधित थीं।''

# देवघर हवाई अड्डा मामला: भाजपा सांसदों को दी गई राहत बरकरार, झारखंड सरकार की याचिका खारिज



**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ पुलिस की प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि झारखंड पुलिस की प्राथमिकी के मामले में सांसदों पर मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

इन सांसदों पर 2022 में सूर्यास्त के बाद अपने विमान को देवघर हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए हवाई यातायात नियंत्रण पर दबाव डालने का आरोप है। न्यायमूर्ति ए. एस. ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर यह फैसला सुनाया, जिसने सांसदों के खिलाफ दर्ज झारखंड पुलिस की प्राथमिकी को रद्द कर दिया था।

पीठ ने राज्य सरकार को जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को चार सप्ताह के भीतर विमानन अधिनियम के तहत अधिकृत अधिकारी को भेजने की स्वतंत्रता दी। पीठ ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार निर्णय लेगा कि अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने की आवश्यकता है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने 18 दिसंबर को झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

उच्चतम न्यायालय ने दोनों सांसदों के खिलाफ झारखंड सीआईडी की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि आरोपों की जांच करना डीजीसीए की जिम्मेदारी है। अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि मामला विमान अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने योग्य है जिसने विमानन अपराधों से संबंधित पूरी जिम्मेदारी डीजीसीए को दी है।

मामला झारखंड के देवघर जिले के कुंडा थाना में दुबे और तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। सांसदों ने 31 अगस्त, 2022 को कथित रूप से हवाई अड्डा सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए देवघर हवाई अड्डे पर एटीसी कर्मियों पर निर्धारित समय के बाद अपने निजी विमान को उड़ान भरने की मंजूरी देने के लिए दबाव डाला था।

शीर्ष अदालत का फैसला झारखंड सरकार की एक याचिका पर आया है, जिसमें 13 मार्च, 2023 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर प्राथमिकी को रद्द कर दिया था कि विमानन (संशोधन) अधिनियम, 2020 के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज करने से पहले लोकसभा सचिवालय से कोई पूर्व मंजूरी नहीं ली गई थी।

कानून के तहत, किसी सांसद के खिलाफ कोई भी प्राथमिकी लोकसभा सचिवालय से अनुमोदित होनी चाहिए।

उच्च न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दुबे के वकील ने दलील दी कि 31 अगस्त, 2023 को उनकी विशेष उड़ान में देरी हुई थी, लेकिन विमानन नियमों के अनुसार सूर्यास्त के आधे घंटे बाद उड़ान भरी जा सकती थी।

# उच्चतम न्यायलय ने दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर अवमानना को लेकर फैसला सुरक्षित रखा



नयी दिल्ली, (भाषा) एक सड़क को चौड़ा करने के लिए दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का आरोप लगाने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसे उसके आदेशों का उल्लंघन करके की गई अवमानना की गंभीरता को देखने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने बिंदू कपूरिया द्वारा दायर अवमानना याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कपूरिया ने आरोप लगाया है कि शीर्ष अदालत के पिछले साल चार मार्च के डीडीए को अनुमति देने से इनकार करने वाले आदेश के बावजूद पेड़ काटे गए। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने की बात अदालत से छिपाई गई।

पीठ ने कहा, ''हमें इस मामले में अवमानना की गंभीरता को देखने की जरूरत है। क्या पेड़ों को अर्धसैनिक बल के जवानों के लिए अस्पताल तक सड़क को चौड़ा करने के लिए काटा गया था, जो जंगलों या लेह जैसे दूरदराज के इलाकों में सेवा करते हैं जहां कि न्यूनतम चिकित्सा सुविधाएं हैं। या फिर क्षेत्र के संपन्न व्यक्तियों के लाभ के लिए सड़क को चौड़ा करने के लिए पेड़ों को काटा गया था।''

इसने कहा कि अदालत को पूरे मामले पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है और इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत की विभिन्न पीठों द्वारा दिए गए पिछले आदेशों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

दिल्ली के उपराज्यपाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि उन्होंने एक हलफनामा दायर किया है और उन्हें क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर अदालत के प्रतिबंध के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हुआ हो, अधिकारी अवमानना से बचने के लिए अनिवार्य 5,340 पौधों के बजाय लगभग 70,000 पौधे लगाएंगे।

पीठ ने कहा कि वह इस पर विचार करेगी कि इस मुद्दे पर क्या करने की जरूरत है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा था कि सड़क साढ़े सात फुट चौड़ी थी, लेकिन इसे 15 फुट तक चौड़ा किया जाना चाहिए ताकि सैनिकों को ले जाने वाले वाहनों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी से मुक्ति मिल सके।

कपूरिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि अवमानना उतनी सरल नहीं है, जितनी बताई जा रही है और अदालत के आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन किया गया। उन्होंने कहा कि जब डीडीए ने अदालत की अनुमति मांगी तो पहले ही काटे जा चुके पेड़ों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दबाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल के लिए पहले से ही तीन सड़कें हैं लेकिन अधिकारी अस्पताल के पास रहने वाले अमीर लोगों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं।

रिज क्षेत्र दिल्ली में अरावली पर्वत श्रृंखला का विस्तार है जो एक चट्टानी, पहाड़ी और जंगली क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार क्षेत्रों - दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर में विभाजित किया गया है। ये चार क्षेत्र कुल मिलाकर लगभग 7,784 हेक्टेयर में विस्तृत हैं।

शंकरनारायणन ने भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट का हवाला दिया था जिसमें कहा गया था कि कुल 1,670 पेड़ काटे गए थे, लेकिन डीडीए ने दावा किया कि केवल 642 पेड़ काटे गए।

# दिल्ली की अदालत ने मकोका मामले के आरोपी को दी जमानत



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर कुख्यात गिरोह का सदस्य होने के कारण महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आरोपी बनाने के बाद हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि आरोपी राहत पाने की दो शर्तों को पूरा करता है।

मकोका के प्रावधानों के अनुसार, जमानत तभी दी जा सकती है जब अदालत के पास यह मानने का उचित आधार हो कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अन्य अपराध करने की संभावना नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने वाजिद उर्फ नेता की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसके खिलाफ अपराध शाखा ने मामला दर्ज किया था।

अदालत ने 16 जनवरी के अपने आदेश में मुख्य आरोपी नासिर और दो अन्य सह-आरोपियों के बयानों पर गौर करने के बाद कहा कि संगठित अपराध गतिविधियों में वाजिद की 'स्पष्ट संलिप्तता' साबित करने के लिए कुछ भी नहीं था। अदालत ने कहा, ''जांच एजेंसी द्वारा रिकॉर्ड में प्रस्तुत सामग्री कमजोर है और यह कथित गिरोह की गतिविधियों में आवेदक की संलिप्तता को स्पष्ट रूप से नहीं दर्शाती है।'' अदालत ने कहा कि ऐसी एक भी प्राथमिकी नहीं है जिसमें वाहिद गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ संगठित अपराध गतिविधियों में शामिल रहा हो और यह माना जा सकता है कि वह भविष्य में किसी अपराध में शामिल नहीं होगा।

अदालत ने व्यक्ति को 50,000 रुपये का निजी मुचलका भरने और इतनी ही राशि का जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया।

# दिल्ली विधानसभा में शहरी विकास दिल्ली जल बोर्ड और लोक निर्माण विभाग संबंधी मुद्दे उठाए गए



नयी दिल्ली, (भाषा) चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की सातवीं विधानसभा में शहरी विकास, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड से संबंधित सर्वाधिक मुद्दे उठाए गए।

दिल्ली की सातवीं विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2020 से दिसंबर 2024 तक रहा जिसमें हुए कामकाज के विस्तृत विश्लेषण से विधायी कामकाज, सदस्यों की उपस्थिति और उनकी भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई।

दिल्ली विधानसभा ने इस अवधि में 20 सत्र बुलाए। वर्ष 2024 का पांचवां सत्र सबसे लंबा था जो 15 फरवरी से 8 अप्रैल तक चला और कुल 21 बैठकें हुईं।

यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और दिल्ली इलेक्शन वॉच द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत पूछे गए सवालों के जवाबों पर आधारित है।

इस रिपोर्ट में इस्तीफा देने वाले या उपचुनाव से निर्वाचित हुए विधायकों की भी जानकारी है।

उपस्थिति के मामले में कृष्णा नगर से आप विधायक एसके बग्गा अव्वल रहे जिनकी सदन में मौजूदगी 99 प्रतिशत रही।

सदन में प्रश्न पूछने वाले सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अजय महावर (घोंडा) और मोहन सिंह बिष्ट (करावल नगर) सबसे आगे रहे। उन्होंने 45-45 प्रश्न पूछे।

निवर्तमान विधानसभा में सबसे अधिक मुद्दे शहरी विकास, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड से संबंधित उठाए गए।


दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia


# एफसीआरए उल्लंघन मामला: सीबीआई ने वकील रित्विक दत्ता, 'लाइफ' के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया




नयी दिल्ली, (भाषा) सीबीआई ने विदेशी निधि से संबंधित नियमों के कथित उल्लंघन के लिए पर्यावरण मामलों के जाने-माने वकील ऋत्विक दत्ता और उनके संगठन 'लीगल इनिशिएटिव फॉर फॉरेस्ट एंड एनवायरनमेंट' (लाइफ) के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकार दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र में सीबीआई ने दत्ता, पर्यावरण वकालत समूह लाइफ, राहुल चौधरी और अन्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के अलावा विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के तहत आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष अदालत ने अभी तक आरोपपत्र पर संज्ञान नहीं लिया है।

दत्ता और 'लाइफ' ने उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजे गए सवालों पर कोई टिप्पणी नहीं की।

सीबीआई ने अप्रैल, 2023 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक शिकायत पर मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दत्ता का संगठन, लाइफ, भारतीय कोयला परियोजनाओं के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अमेरिका स्थित अर्थ जस्टिस (ईजे) से धन प्राप्त कर रहा था, जिसका उद्देश्य "उन्हें निशाना बनाना और रोकना" था, एक ऐसा अभ्यास जिसे मंत्रालय ने "एफसीआरए का उल्लंघन" माना।

दत्ता कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के विजेता हैं, जिनमें कानून के उपयोग के माध्यम से भारत में पर्यावरण की रक्षा के प्रयास के लिए स्वीडन का 2021 का नोबेल पुरस्कार के विकल्प के रूप में राइट लाइवलीहुड पुरस्कार भी शामिल है। गृह मंत्रालय की शिकायत, जो अब प्राथमिकी का हिस्सा है, में आरोप लगाया गया है कि लाइफ ने ईजे से "पेशेवर रसीदों" के नाम पर धन प्राप्त किया था, जिसका वास्तविक उद्देश्य विकास परियोजनाओं को लक्षित करने और उन्हें रोकने के लिए धन मुहैया कराना था।

## लेखपाल के पुत्र के अपहरण का पुलिस ने किया खुलासा

# मुठभेड़ के बाद सात गिरफ्तार

**सुमित श्रीवास्तव/नेशनल एक्सप्रेस**




बरेली। थाना बारादरी और भोजीपुरा पुलिस ने मिलकर एक बड़े अपहरण कांड का खुलासा करते हुए लेखपाल के पुत्र हरीश कटियार को सकुशल बचा लिया। इस दौरान पुलिस ने मुठभेड़ में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दो गाड़ियां, 10 मोबाइल फोन, अवैध असलहे और कारतूस बरामद किए।

19 जनवरी को हरीश कटियार के अपहरण की रिपोर्ट उनकी पत्नी किरण कटियार ने थाना बारादरी में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने एक विशेष टीम का गठन किया। जांच में पता चला कि हरीश को मियांपुर गांव के एक घर में बंधक बनाया गया था।

20 जनवरी की रात पुलिस ने मियांपुर गांव में छापा मारकर हरीश को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस की जांच में पता चला कि मकान मालिक उदित और उमाशंकर निगरानी कर रहे थे, जबकि खाना उनकी पत्नी लाली देती थी। आरोपियों ने फिरौती की मांग की थी।

हरीश की बरामदगी के बाद पुलिस ने अपहरणकताओं को पकड़ने के लिए अभियान तेज किया। उसी रात घुरसमसपुर रोड पर पुलिस ने आरोपियों की गाड़ियों को घेर लिया। घबराए आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसमें तीन आरोपी–अंकित उर्फ विनीत, शाहिद और वीरु उर्फ वीरपाल घायल हो गए।

मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए,पूछताछ में मुख्य आरोपी अनूप कटियार ने खुलासा किया कि उसने आर्थिक तंगी के चलते अपने भाई हरीश का अपहरण किया था। उसने पहले हरीश को चित्रकूट ले जाने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में घर से ही अगवा कर लिया। अपहरण के दौरान उन्होंने हरीश से 7,500 रुपये पेट्रोल के लिए ट्रांसफर कराए और सोने के गहने भी लूटे।

पुलिस की इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई ने न केवल अपहृत को सुरक्षित बचाया बल्कि अपराधियों को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने इसे पुलिस टीम की एक बड़ी सफलता बताया। यह कार्रवाई पुलिस की सूझबूझ, तकनीकी कौशल और तत्परता का उदाहरण है।

# गरीब नवाज के कुल में उमड़े अकीदतमंद

**दुष्येंद्र कुमार/नेशनल एक्सप्रेस**




बरेली। जश्ने यौमे विलादत ख़्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह (अह) के तीसरे दिन मंगलवार को सुबह दस बजे गरीब नवाज के कुल शरीफ की रस्म के साथ प्रोग्राम का समापन हो गया।

उलेमा ने कुल शरीफ में ख़्वाजा गरीब की सीरत पर रौशनी डाली और नाते पाक का नजराना पेश किया। जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

मुफ्ती रिजवान मियां ने मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ की। कुल की रस्म के बाद लंगर ए आम शुरू हो गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। देर शाम तक लंगर जारी रहा। प्रोग्राम की व्यवस्थाओ में अंजुमन ए गुलामने चिश्तिया कमेटी के मोहम्मद असलम, अतीक मियां, शकील अहमद, इरफान कुरैशी, मुमताज अहमद,सिराज खान,मीडिया प्रभारी इरफान कुरैशी ने प्रोग्राम की व्यवस्थाओ में प्रशासन का भी शुक्रिया अदा किया है।

# हलाला पर मौलाना का सुप्रीम कोर्ट के सुर में सुर

**पवन त्रिपाठी/नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हलाल सेटिफीकेट काफी सालों से दिया जा रहा था, इस मजहबी मामले को कुछ लोगों ने गलत तरीके से इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। कोई भी चीज सिफ एक कागज का टुकड़ा पकड़ा देने से हलाल नहीं होती, जब तक कि शरियत के बताए हुए तरीके को न अपनाया जाए। शरियत के सिस्टम को अपनाने से नाजायज चीज जायज और हराम चीज हलाल हो सकती है, अगर कोई व्यक्ति या कोई संस्था कागज का प्रमाण पत्र देती है तो उससे नाजायज चीज जायज और हराम चीज हलाल नहीं हो सकती। जो लोग भी इस तरह का खेल कर रहे हैं, वो एक तरीके से कौम से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया आदेश बिल्कुल सही है।यहां ये बताना जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार ने नवंबर 2023 में यूपी में हलाल प्रमाणित उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने को उचित ठहराया है और कहा है कि गैर-हलाल प्रमाणित उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए ₹दुर्भावनापूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं, जो न केवल अनुचित वित्तीय लाभ चाहते हैं बल्कि इसका हिस्सा भी हैं। वर्ग द्वेष फैलाने, विभाजन पैदा करने और राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा देश को कमजोर करने की एक बड़ी रणनीति है।मौलाना ने आगे कहा कि हलाल सेटिफीकेट के सम्बन्ध में भारत सरकार मुस्लिम उलमा के साथ बैठक करे और इसका कोई बेहतरीन हल निकाला जाए , चुकी ये समाज की जरूरत है और साथ ही समय की मांग भी है ।

# नरक हो गए हैं प्राइवेट अस्पताल, एंबुलेंस बन गयी है यमदूत







**पवन त्रिपाठी/नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली शहर की सीमा प्रारंभ होते ही लगे रहते हैं अस्पतालों के यमदूत अर्थात एम्बुलेंस जैसे ही कोई एक्सीडेंट की खबर मिली या एक्सीडेंट का केस दिखा चील की तरह झपट पढ़ते हैं और अनकॉन्शियस हालत में पटक देते हैं इन डॉक्टर के अस्पतालों में एक-दो दिन में जब तक मरीज होश में आता है ,तब तक इनका मीटर एक लाख पार कर चुका होता है ,फिर चाहे आप आयुष्मान कार्ड धारक हो ,इससे इनका कोई मतलब नहीं, आप कितने भी गरीब हो कुछ भी हो इससे इनको कोई मतलब नहीं आप कहीं से भी लाकर पैसा दो फिर अपने मरीज का आगे इलाज कराओ या फिर हमारा पैसा भरकर घर जाओ तब तक चाहे मैरिज मृत अवस्था में ही क्यों न पहुंच जाए यह इलाज भी रोक देते हैं मीडिया माध्यम से दर्जनों केस संज्ञान में आते रहते हैं हद तो तब होती है जब मर जाने पर अस्पतालों द्वारा मृत शरीर को भी रोक के रख लियाया जाता है। ताजा मामला उत्तर प्रदेश जनपद बरेली के ईट पजाया चौराहे पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल का है जहां उत्तराखंड हल्द्वानी से भर्ती हुए मरीज को एंबुलेंस चालक की चालाकी के कारण अस्पताल में भर्ती किया जाता है, अस्पताल के डॉक्टर और प्रशासन द्वारा बताया गया की आपके पेशेंट की हालात सीरियस है पहले भरती कीजिए उसके बाद आईसीयू का केवल पहले जमा कर दीजिए, पीड़ित द्वारा आयुष्मान कार्ड होने की बात कही, तो बोल दिया गया ,आज शनिवार है कल इतवार है ,सोमवार को आयुष्मान लगा दिया जाएगा, छोटा-मोटा दवाई का खर्चा है,सोमवार को आयुष्मान कार्ड लगा देना, सोमवार को आयुष्मान कार्ड एक्टिव नहीं हो रहा कहकर, और इलाज रोक दिया गया घटना शनिवार शाम की है और सोमवार की सुबह तक का अर्थात डेढ़ दिन के इलाज का सत्तर हजार का बिल थमा दिया । और मरीज का इलाज रोक दिया गया ,मरीज की हालत लगातार गिरती जा रही है, पीड़ित परिवार पैसा देने में असमर्थ है ,अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीज तथा तीमारदारों को मानसिक प्रताड़ित भी किया जा रहा है और पैसा देकर अपना मरीज ले जाने के लिए दबाव डाला जा रहा है ।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिबंधित चायनीज मांझे का ना किया जाये प्रयोग-जिलाधिकारी



दुष्येंद्र कुमार/नेशनल एक्सप्रेस/ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने चाइनीज मांझे के विक्रय और प्रयोग को रोकने हेतु आदेशित किया है। जिलाधिकारी के संज्ञान मे आया है की जनपद के सीबीगंज थाना एवं भोजीपुरा थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे की वजह से विद्युत लाइनों की विगत तीन दिनों में पांच से अधिक बार ट्रिपिंग हुई है। उपरोक्त के कारण ना केवल सरकारी क्षति हो रही है बल्कि आम लोगों के लिए गम्भीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। तथा विद्युत आपूर्ति को दुबारा शुरू करने में भी काफी समय लग रहा है। चायनीज मांझे की वजह से अभी हाल मे निकट जनपद मे भी जनहानि हुई है और अपने जनपद मे भी पूर्व मे लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। चाइनीज मांझे के उपयोग प्रतिबंधित है, अतः इसका विक्रय व उपयोग ना किया जाये।

### जनपद में 34 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग की विपणन शाखा द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 34 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लाक राही में 09, ब्लाक हरचन्दपुर में 02 एवं ब्लाक सतांव में 01 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील महराजगंज के ब्लाक महराजगंज में 06, ब्लाक शिवगढ़ 01, तहसील/ब्लाक लालगंज में 03, तहसील/ब्लाक ऊँचाहार में 01, ब्लाक रोहनिया 01, ब्लाक जगतपुर में 01, तहसील/ब्लाक डलमऊ में 02, तहसील/ब्लाक सलोन में 05, ब्लाक डीह में 01 एवं ब्लाक छतोह में 01 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराते हये कृषकों से अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

### रायबरेली सदर तहसील बनी सूबे की पहली तहसील, जहां 1359 फसली के स्कैन की प्रक्रिया शुरू हुई

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली - सदर तहसील में 1359 फसली के अभिलेखों को स्कैन कर सुरक्षित किया गया है। लोग अभिलेखों को गलत तरीके से बंदोबस्त में छेड़छाड़ कर, उनको पढ़ने का काम किया करते थे। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार तहसीलों में वादों को शीघ्रता से निपटाने के लिए निर्देश दे रही है।सरकार के आदेश पर अमल के लिए रायबरेली में एक अनोखा कार्य सामने आया है जिसमें सूबे में पहली बार सदर तहसील में 1359 फसली के अभिलेखों को स्कैन कर सुरक्षित किया गया है। यहा पर लोग अपने अभिलेखों को गलत तरीके से बंदोबस्त में छेड़छाड़ कर और उनको पढ़ने का काम किया करते थे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा ने 1359 फसली को स्कैन करा कर सुरक्षित कर लिया। अब इसमें छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। 1359 फसली वह खसरा है जिसके महत्वपूर्ण अभिलेखों को भूमाफियाओं द्वारा अंदर ही अंदर फाड़ दिया जाता था ताकि जमीनों में हेरा फेरी कर सकें। रायबरेली सदर तहसील में कई ऐसे अभिलेख हैं जिनके पन्ने फटे पाए जाने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा ने 260 गांव की 1359 फसली को स्कैन करा कर सुरक्षित करा लिया है। अब कोई भी इन बंदोबस्त में हेरा फेरी नहीं कर पाएगा। शासन के निर्देश पर यह कार्य प्रदेश में पहली तहसील रायबरेली जनपद में पहली बार किया गया। जो 1359 फसली है उसको स्कैन करके एक डाटा के रूप में रख लिया गया है। इससे किसानों को इंतखाब ऑनलाइन मिल जाती है। इस तरह अब खतौनी भी जल्द ऑनलाइन मिलने लगेगी। रायबरेली में बंजर भूमि, तालाब की जमीनों को बड़े पैमाने पर खाली कराया गया है, इसको लेकर तहसील प्रशासन की टीम लगातार अभियान चलाकर अब तक 100 बीघे से ज्यादा जमीन को कब्जदारों से मुक्त करा चुकी है और एंटी भू माफिया पोर्टल पर भी दर्ज कराया जा रहा है, जिले में सभी तहसीलों में यह कार्य जोरो पर किया जा रहा है।

## रायबरेली में खास होगा उत्तर प्रदेश फाउंडेशन डे 2025

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली - उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस-2025 को भव्य एवं गरिमामयी ढंग से मनाये जाने के लिये अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में एक बैठक सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस को भव्यपूर्ण ढंग से निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। यह त्रिदिवसीय (24-26 जनवरी 2025 के मध्य) आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा जनसहभागिता के सहयोग से मनाया जायेगा। उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, रोड शो आदि का आयोजन सुनिश्चित कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, पीडी डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फर्नीचर व्यापारी से बीस हजार की ठगी

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी

चन्दौसी । मंगलवार को शाम चार बजे दुकान पर पहुंच एक युवक फ्रेंड्स फर्नीचर की दुकान से एक व्यापारी से बीस हजार की ठगी करने वाला युवक चकमा देकर हुआ फरार । एक युवक जारई गेट देवी मंदिर स्थित फ्रंट फर्नीचर की दुकान पर पहुंचा और बोला कि मुझे दो जोड़ी अच्छी कीमत के गड्ढे चाहिए । व्यापारी ने बढ़िया से बढ़िया महंगे से महंगे गड्ढे दिखाएं



युवक ने कहा कि यह ?600 एडवांस लो और नईम मेंबर वाली गली में भेज देना । ठग बोला कि मेरे पास घर में दो दो सौ के नोट हैं मुझे कहीं जाना है 500 के नोट आप भेज देना रिक्शे वाले के हाथ दो दो सौ के नोट दे दूंगा और आपका जो गड्ढे जा रहे हैं इसका भी हिसाब कर दुंगा । रिक्शे वाला गड्ढे लेकर घर पहुंचा युवक बोला पैसे लाए हो नोट बदलने के नाम पर रिक्शे चालक से लेकर देने के बदले साइबर ठग ने ऐंठ लिए बीस हजार । फर्नीचर व्यापारी ताहिर हुसैन ने बताया कि हमारे साथ ठगी हो गई है । कोतवाली के जारई गेट में एक फर्नीचर दुकानदार से बाइक सवार युवक ने झांसा देकर 20 हजार रुपए ठग लिए । काफी तलाश के बाद आरोपी युवक का कोई सुराग नहीं लगा। दुकानदार ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। जारई गेट मंदिर के सामने ताहिर हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन की फर्नीचर की दुकान है। ताहिर ने गददे दिखाई तो युवक ने तीन गददे पसंद कर लिए। दुकानदार ने गददों की कीमत 7000 रुपए बताई। युवक ने 600 रुपए एडवांस दिए और शेष रुपए रिक्शे वाले को घर जाकर देने के लिए कहा गया। साथ ही कहा कि उसके पास के बीस हजार के दो-दो सौ रुपए के नोट है। पांच-पांच सौ रुपए के नोट अपने रिक्शे वाले को देदे। घर जाकर दो-दो सौ रुपए के नोट रिक्शे वाले को दे देगा। ताहिर इस बात पर सहमत हो गया। उसने पांच-पांच सौ के बीस हजार के नोट रिक्शा चालक युसुफ को दे दिए। कुछ देर आगे जाकर बाइक सवार युसुफ को गली में ले गया। साथ गली के अंदर एक संकरी होने पर बाइक सवार युवक ने रिक्शा चालक से कहा कि अंदर रिक्शा नहीं जाएगा। वह गददे यहीं उतार ले और पांच सौ के नोट देदे। जिससे वह अंदर घर जाकर दो-दो सौ रुपए के नोट लाकर दे देगा। रिक्शा चालक ने उसे बीस हजार रुपए पकड़ा दिए। काफी देर तक जब बाइक सवार युवक गददे लेने नहीं आया तो रिक्शा चालक ने ताहिर को फोन किया। इसके बाद ताहिर को ठगे जाने का एहसास हुआ। आसपास के सीसीटीवी में युवक दिखाई दे रहा है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा० जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। सचिव द्वारा बैरकों में पर्याप्त साफ-सफाई कराये जाने के बावत जेलर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत बन्दियों के विधिक अधिकार विष? पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी जिससे अधिक से अधिक बन्दी लाभान्वित हो सके। निरीक्षण के दौरान चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, जेल चिकित्सक डा० मनीष मिश्रा, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल सुमैया परवीन, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र व प्रशिक्षणरत विधि छात्रा आकृति मौर्य उपस्थित रही।

# गायों की नस्लें सुधार पर मेरठ के वैज्ञानिक और आईवीआरआई वैज्ञानिकों मे चर्चा





**सुमित श्रीवास्तव/नेशनल एक्सप्रेस**

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को देश में देशी नस्ल थारपारकर गायों के संरक्षण एवं नस्ल सुधार हेतु अखिल भारतीय परियोजना के अन्तर्गत लीड केन्द्र स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। इसके लिये केन्द्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ तथा आईवीआरआई के वैज्ञानिकों के बीच एआईसीआरपी की स्थापना तथा तकनीकी कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की गयी।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि आईवीआरआई थारपारकर गायों के लीड जर्मप्लाज्म सेन्टर के रूप में कार्य करेगा क्योंकि संस्थान के पास फार्म में उन्नत थारपारकर नस्ल के पशु उपलब्ध है तथा सीमेन उत्पादन व प्रसंस्करण की आधुनिक सुविधा के साथ-साथ वैज्ञानिकों की कुशल टीम भी है। डा. दत्त ने बताया कि थारपारकार नस्ल को बढ़ाने के लिए ब्रीडिंग कार्यक्रम चलाये जायेंगे तथा ब्रीडिंग क्षेत्र को चयनित किया जायेगा। आईवीआरआई के फार्म में थारपारकर गायों की संख्या को बढ़ाया जायेगा तथा थारपारकर गायों के वीर्य को अनुरक्षण किया जायेगा। संस्थान में थारपारकर गायों के सीमेन की 5000 डोज जर्म प्लाज्म केन्द्र में तैयार की जायेगी। केन्द्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के गोवंश आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि थारपारकर प्रोजेक्ट के लिए राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर तथा केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर को डेटा रिकॉर्डिंग यूनिट तथा जर्म प्लाज्म यूनिट से सहयोग हेतु चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि आईवीआरआई सभी यूनिट के डाटा को एकत्रित करेगा तथा लीड सेंटर के रूप में कार्य करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान के डा. ए.के. दास ने भी अपने विचार रखे। इससे पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए आईवीआरआई के गाय एवं भैंस प्रक्षेत्र के प्रभारी डा. अनुज चौहान ने संस्थान में थारपारकर गायों के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन पीएमई सेल के प्रभारी डा. समीर श्रीवास्तव द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन अनुभाग के डा. अयोन तरफदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक शोध डा. एस.के सिंह सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी

चंदौसी। मंगलवार को पंचायत सहायको ने बताया कि हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कर रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों को संपादित करने में हम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। किंतु हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों और प्राप्त हो रहे मानदेय तथा सुविधाओं के बीच काफी असामनता है। हम पंचायत सहायकों ने प्रमुख मांगों को आपकी सरकार के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा करते है। पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर स. 26,910 प्रतिमाह (न्यूनतम कुशल मजदूरी दर के आधार पर) किया जाए। इसके साथ ही इसे ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किया जाए। पंचायत सहायक को प्रति आवदेन मिलने वाली रू.5 प्रोत्साहन राशि का ग्राम निधि में ही भेज दिया जाए। अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायकों की सेवा नियमावली बनाई जाए और उन्हें स्थायी किया जाए, ताकि हम अधिक स्थायित्व और सुरक्षा के साथ अन्य सेवाएं दे सकें।, महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू की जाए। साथ ही, नगर पंचायत में जाने वाली ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों को अन्य रिक्त ग्राम पंचायत में समायोजित किया जाए, पंचायत सहायक लगभग पंचायत सचिव के समान कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों पर पंचायत सहायकों को आरक्षण प्रदान किया जाए,पंचायत सहायकों द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किए जाते है. जिनके उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन या टैवलेट की आवश्यकता होती है। सरकार से आग्रह है कि हमें यह उपकरण प्रदान किए जाएं, पंचायत सहायकों के परिवारों को आयुष्मान भारत योजना में जोड़ा जाए ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सके। हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर इनके शीघ्र समाधान का मार्ग प्रशस्त करे। काफी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम पुलिस टीम ने पीड़ित के एक लाख रुपये कराये वापस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



सम्भल। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम डा० प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद सम्भल में साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान में थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल की टीम द्वारा आवेदक के 1,00,000/- रुपये वापस कराये गये।पीड़ित अर्जित कुमार पुत्र घासीराम निवासी ग्राम असमोली थाना असमोली जनपद सम्भल के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत करी की अज्ञात साइबर ठगो द्वारा आनलाइन पैसा लगाकर तत्काल कुछ प्रतिशत का फायदा देने के नाम पर ठगी कर लेने के सम्बन्ध में की थी। जिसकी जांच के क्रम मे पीड़ित अर्जित कुमार उपरोक्त के 1,00,000 (एक लाख) रुपये साइबर क्राइम थाना सम्भल जनपद सम्भल द्वारा अज्ञात ठगो के खाते में होल्ड / फ्रीज कराये गये व नियमानुसार कार्यवाही करते हुये आवेदक अर्जित कुमार के 1,00,000/- रुपए वापस कराये गये। इसके साथ ही थाना साईबर क्राइम जनपदवासियो से अपील करता है कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि किसी के साथ साझा न करें। साइबर फ्रॉड / धोखाधडी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें अथवा साइबर थाना जनपद सम्भल के मो0 नं0-7839875617 से सम्पर्क करें।

# एसपी ने चलाई तबादला एक्सप्रेस पांच इंस्पेक्टर और दो एसओ हुए इधर से उधर

## इंस्पेक्टर मोहित कुमार को कोतवाली चंदौसी का मिला चार्ज

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा



चन्दौसी : मोहित कुमार को कोतवाली चंदौसी का चार्ज दिया गया है उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी की महिलाओं को सम्मान के साथ न्याय दिलाना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चन्दौसी कोतवाली में आने वाली शिकायतों का भी निस्तारण किया जाएगा। ताकि सभी को निष्पक्ष जांच के बाद न्याय मिल सके।

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने देर रात्रि में पांच इंस्पेक्टर और दो एसओ संभल के पांच इंस्पेक्टर और दो एसओ कार्य क्षेत्र में एसपी ने बदलाव किया है। एक इंस्पेक्टर और एक एसओ पर गाज गिरी है दोनों को चार्ज से हटा दिया गया है , एसपी सोमवार देर रात्रि में सूचना जारी की । आपको बता दें कि दो दिन पहले छह सीओ के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हुआ है और चन्दौसी सर्किल के सीओ को चार्ज से हटाया था। पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पांच इंस्पेक्टर और दो एसओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए चन्दौसी की इंस्पेक्टर रेनू देवी को हटाकर प्रभारी यूपी 112 बनाया है जबकि थाना हजरतनगर गढ़ी के एसओ मोहित कुमार काजला को हटाकर प्रभारी स्वाट टीम बनाया है। चन्दौसी कोतवाल रेनू सिंह को हटाया गया चन्दौसी सर्किल में लगातार अपराध से संबंधित एवं जनहित की शिकायतों को में लापरवाही बरतने की शिकायत उच्चाधिकारियों को मिल रही थी। आपको बता दें कि कोतवाली चन्दौसी क्षेत्र यूपी सरकार में माध्यमिक शिक्षाराज्य मंत्री गुलाब देवी का गृह क्षेत्र है। सम्भल के पांच इंस्पेक्टर और दो एसओ कार्य क्षेत्र में एसपी ने बदलाव किया है। एक इंस्पेक्टर और एक एसओ पर गाज गिरी है दोनों को चार्ज से हटा दिया गया है। आपको बता दें कि दो दिन पहले छह सीओ के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हुआ है और चन्दौसी सर्किल के सीओ को चार्ज से हटाया था। पुलिस अधीक्षक ने कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पांच इंस्पेक्टर और दो एसओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए चन्दौसी की इंस्पेक्टर रेनू देवी को हटाकर प्रभारी यूपी 112 बनाया है।

# नेशनल पैरा चैंपियनशिप में मुखवधिर व नेत्रहीन खिलाड़ियों ने जीते पदक

## मुख्य विकास अधिकारी ने खिलाड़ियों को किया सम्मनित

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी



बहजोई सम्भल। मंगलवार को बहजोई कलेक्ट्रेट स्थित मुख्य विकासअधिकारी द्वारा दिव्यांग पैरा खिलाड़ी रिंकू शर्मा ब अवधेश कुमार को नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने पर सम्मानित किया गया जिला ओलंपिक सचिव आशु शर्मा ने बताया कि नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप चैंपियनशिप 18 जनवरी से 19 जनवरी तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई पैरा इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित हुई थी नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप पीपल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई थी।इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की ओर से चंदौसी के रहने वाले रिंकू शर्मा व अवधेश कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभा किया था रिंकू शर्मा ने दिव्यांग की कैटेगरी मुखवधिर में प्रतिभाग करते हुए राइट हैंड से गोल्ड ब लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता और अवधेश कुमार ने दिव्यांग की 70 किलो भार वर्ग की नेत्रहीन कैटेगरी में राइट हैंड से ब्रॉन्ज ब लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता। दोनो खिलाड़ियों ने नैशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में मेडल जीत कर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया इनके साथ टीम कोच ब मेंटर अजय कुमार मिश्रा ब राजेंद्र कुमार शर्मा भी साथ गए थे जनपद वापसी पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनो खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पांडे ,जिला युवा कल्याण विभाग से बी.ओ विनीत सिद्धू ब महिला चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी से नीलम राय , डीआरडीओ विभाग से सुरेश कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गणतन्त्र दिवस पर दौड़ के लिए इच्छुक प्रतिभागी करे आवेदन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। मंगलवार को प्रमिला भारती उप कीडाधिकारी, बहजोई-सम्भल द्वारा बताया गया कि खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जिला प्रशासन के सहयोग से जिला खेल कार्यालय, यहजोई, सम्भल द्वारा 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस के अवसर पर बालक वर्ग में की 05 कि०मी० दौड़ एवं बालिका वर्ग में 03 किलोमीटर कास कन्ट्रीदौड का आयोजन जिला खेल कार्यालय द्वारा दिनांक-26-01-2025 को प्रातः 9. ०० बजे सम्भल मोड से प्रारम्भ होकर जैन कालेज पर समाप्त होगी । इच्छुक प्रतिभागी दिनांक-26-01-2025 को प्रातः 8:00 बजे अपना उक्त दौड़ हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की पृविष्टि निःशुल्क है। विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्य दिवस में जिला खेल कार्यालय, बहजोई, सम्भल से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

### शराब की दुकान में फिर शरब की हुई चोरी

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी /चन्दौसी । रोडवेज स्थित शराब की दुकान में हुई चोरी चोरों ने ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है । इस समय शहर में चोरों का आतंक है मंगलवार की सुबह आजाद रोड स्थित शराब की दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर दो पेटी शराब लगभग चौदह हजार की नकदी सहित रफू चक्कर हो गये । जिसकी तहरीर मैनेजर वेद कुमार ने चंदौसी कोतवाली में दी है । एक हफ्ते में दो बार हुई चोरी शराब की दुकानों पर बता दें कि इससे पहले बहजोई अड्डा मंडी पुलिस चौकी के अंतर्गत मंडी के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से चोरों ने शराब की पेटी नगदी उड़ा ली थी चोरों ने दो लाख रुपए का नुकसान किया था । चोरों ने दुकान की दीवार में होल बनाकर अंदर प्रवेश किया था । ये चोरी नहीं खुल पाई कि मंगलवार को दूसरी दुकान में चोरी हो गई । शराब के क्षेत्रीय मैनेजर वेद प्रकाश अरोरा । घटना की तहरीर उनकी ओर से थाने में दी गई है। । पुलिस ने पहुंच घटना की जानकारी ली है ।

### जुआ का खेल, 500-500 रुपए के दांव, पुलिस को भनक तक नहीं, वीडियो वायरल

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी/चन्दौसी । थाना चंदौसी के कैथल का वायरल वीडियो बताया जा रहा है जुआ खेलते जुजारियों का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें जुआ खेलते हुए कुछ लोग नजर आ रहे हैं। हैरानी के बात तो यह है कि ये वायरल वीडियो दिन का है ।गांव में बेखौफ हो रहा है जुए का खेल, पुलिस-प्रशासन है फेल जबकि कैथल गांव में चौकी निर्माण कार्य जोरों शोरों से चल रहा है । जुआरी प्रशासन की नाक के नीचे जुआ खेलने में मशगूल हो गए हैं। जुआरियों के इस तरह खुले स्थान पर जुआ खेलने से यह लगता है कि



उन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं है। । लेकिन न तो पुलिस को इसकी कोई परवाह है और न ही जिला प्रशासन ने इन जुआरियों पर कोई कार्रवाई की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी खबर न हो लेकिन प्रशासन जान बूझकर इस गैर कानूनी खेल से अनजान बना बैठा है। यहां से गुजरने वाले लोग उन्हें देख रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे इस खेल को देखकर सीखने के लिए आकर्षित हो रहे हैं।

# मुख्य अतिथि सीडीओ ने शिक्षकों को प्रमाण-पत्र किए वितरित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सम्भल ने बताया कि निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ.प्र. लखनऊ के निर्देशन में जनपद सम्भल में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सम्भल द्वारा डिस्लेक्सिया एवं अटेंशन डेफिसिट एण्ड हाइपर एक्टिविटी सिंड्रोम जैसी छिपी हुई दिव्यांगजनों से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 15.01.2025 से 21.01.2025 तक 07 दिवसीय कार्यक्रम इण्टर मीडिएट कॉलेज बहजोई के विवेकानन्द सभागार में आयोजित किया गया है, जिसमें जनपद के विभिन्न विधालयों में तैनात 45 विशेष शिक्षकों को डॉ. मधुवाला यादव, कोर्डिनेटर डिस्लेक्सिया प्रशिक्षक एवं शैलेजा मिश्रा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा प्रशिक्षित किया गया, जिसका 21 जनवरी 2025 को कार्यक्रम का समापन तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल गोरखनाथ भटट, जिला विधालय निरीक्षक, वेदराम, को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, माधवी पाण्डेय द्वारा मुमेन्टो भेंट किया गया तदोपरान्त उपस्थित सभी प्रशिक्षित विशेष शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी लोगो ने जलपान किया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यालय के राजीव यादव (क.स.), जितेन्द्र सिंह यादव, प्रधानाचार्य के. एस. जे. हाईस्कूल, राहुल कुमार सिंह विशेष शिक्षक, सोमपाल एवं किशनपाल मौजूद रहें।

# दिव्यांगजन 22 जनवरी को विकास खण्ड बहजोई में करे अपने आवेदन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा भारत सरकार की एडिप योजना के अन्तर्गत जनपद सम्भल में दिव्यांगजनों तथा वृद्धजनों को उनके आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण यथा ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैसाखी, श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ-पैर, वॉकर, छड़ी, स्मार्ट केन, नी-कैप, मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल, स्मार्ट फोन एवं कमर की पेटी आदि निःशुल्क प्रदान किए जायेंगे, जिनके वितरण से पूर्व लाभार्थियों के चिन्हांकन किए जाने हेतु जनपद के समस्त विकास खण्डों में दिनांक 13 जनवरी 2025 से 22 जनवरी 25 तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. उक्त तिथियों के अतिरिक्त दिनांक 23.01.2025 को नगर पंचायत बबराला में शिविर आयोजित किया जायेगा।तहसील गुन्नौर के अन्तर्गत आने वाले ऐसे लाभार्थी जिनको 03 वर्षों के दौरान अथवा पांच वर्षों के दौरान भारत सरकार / राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजनान्तर्गत किसी शासकीय/अशासकीय अन्य संस्था से कोई उपकरण प्राप्त न किया गया हो।इस योजना का लाभ लेने हेतु दिनांक 23.01.2025 को समय 11:00 से नगर पंचायत बबराला में उपस्थित होकर दिव्यांगजन अपना दिव्यांग प्रमाण-पत्र (यू.डी.आई.डी. कार्ड न्यूनतम दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक हो), आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, आय प्रमाण-पत्र (मासिक आय रू. 22500/- अधिकतम) तथा वृद्धजनों हेतु आधार कार्ड (60 वर्षीय एवं अधिक) आय प्रमाण-पत्र (मासिक आय रू. 15000/- अधिकतम), एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो साथ मे लाकर आवेदन करने पर लाभ प्राप्त कर सकते हैं साथ ही साथ दिनांक 13 जनवरी 2025 से 21 जनवरी 2025 तक विकास खण्डों में शिविर से छूटे दिव्यांगजन दिनांक 22.01.2025 को अपना विकास खण्ड बहजोई में अपना आवेदन कर सकते हैं।

# दलितों का शोषण बर्दाशत नहीं करेंगे नहीं करेंगे : राजीव कुमार



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। मंगलवार को राजीव कुमार जिला संयोजक भीम आर्मी को सूचना मिली कि बीते दिनांक 12 जनवरी 2025 को ग्राम लखोरी में दलित समाज के व्यक्ति की किराना की दुकान में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई जिसमें उस व्यक्ति का लाखों का नुकसान हुआ पीड़ित ने स्थानीय थाना नखासा में प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया किंतु दिनांक 12 जनवरी 2025 से अब तक उक्त मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है जहां पर स्थानीय पुलिस की लापरवाही देखने को मिली, सूचना मिलते ही राजीव कुमार जिला संयोजक भीम आर्मी भारत एकता मिशन भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को व ग्रामवासियों को लेकर थाना नखासा पहुंचे,भारी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को देखते हुए थाना प्रभारी नखासा ने समझदारी दिखाते हुए राजीव कुमार जिलाध्यक्ष भीम आर्मी से उक्त मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु 3 दिन का समय मांगा ओर आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस अवसर पर एडङ्क आदर्श कुमार पूर्व जिला संयोजक भीम आर्मी छात्र संघ,विपिन सागर जिला उपाध्यक्ष, रोहित सागर जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद सलमान जिला संगठन मंत्री,किशन जिला प्रचारक,राहुल,दीपू, विनीत आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# 106 घरों को किया चेक, बकाया होने पर 18 लोगों की काटी लाइन



नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा

## 75 लोगों से ओ टी एस योजना में कुल 6.65 लाख की करी वसूली

चंदौसी। मंगलवार को उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार मय प्रवर्तन दल के अजय कुमार चौरसिया उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड प्रथम चंदौसी , बरुण कुमार अवर अभियंता हनुमानगढी, आलोक कुमार अवर अभियंता तहसील, अजय कुमार अवर अभियंता पॉवर हाउस, तथा लाइन स्टाफ के साथ घरेलू विद्युत चेकिंग अभियान सुबह 05:00 बजे से मोहल्ला घटिया गेट, लोधियान, हनुमानगढ़ी तथा धर्मेन्द्र यादव उपखंड अधिकारी द्वितीय तथा योगेंद्र प्रसाद अवर अभियंता जेनेटा ने नरौली टाऊन में चलाया गया । चेकिंग के दौरान कुल 35 विद्युत चोरी पाए गए जिनका कुल भार 28 किलोवाट पाया गया । यह कटिया डालकर तथा इनकमिंग केवल में कट लगाकर विद्युत चोरी करते पाए गए। साथ ही इस अभियान के तहत 106 घरों को चेक किया गया जिसमें की 18 लोगों की लाइन बकाए पर कटवाए गए इस अभियान के अंतर्गत कुल 2 मीटर भी बकाया पर उखाड़े गए, जिनका लंबे समय से बिल जमा नहीं थे । इसके अलावा पूरे चंदौसी शहर में कुल 75 लोगों ने ओ टी एस योजना के अंतर्गत बिल जमा किया तथा इनसे कुल 6.65 लाख की वसूली की गई । जो विद्युत चोरी में लिप्त थे उनके खिलाफ विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा रही है। इस माह मे अभियान लगातार शहर के सभी मोहल्लो में जारी रहेगा। इसके साथ विभाग द्वारा सभी से अनुरोध किया कि अपने विद्युत बकाये को समय से जमा करा दें तथा किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचें।

## संपादकीय

# 'ट्रंप युग' की वापसी

**अमरीका** ही नहीं, दुनिया भर में आज से 'ट्रंप युग' का नया आगाज हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप अमरीका के 47वें राष्ट्रपति बने हैं। वह 131 साल के इतिहास में 'व्हाइट हाउस' में लौट कर आने वाले पहले अमरीकी राष्ट्रपति हैं। इस बार ट्रंप अधिक ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे, क्योंकि वह पहले भी राष्ट्रपति रह चुके हैं और इस बार अमरीका के साथ-साथ वैश्विक ब्लूप्रिंट भी उनके सामने है। राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने 100 आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं, ऐसा बताया जा रहा है। यह सुदृढ़ और बुनियादी लोकतंत्र की तस्वीर है कि जिस अमरीकी संसद (कैपिटल हिल) पर उनके समर्थकों ने, ट्रंप के पिछला चुनाव हारने के बाद, धावा बोला दिया, आतंक मचाया था, उसी स्थान पर ट्रंप और वेंस ने क्रमशः राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की। वहीं से राष्ट्र को संबोधित भी किया। यह भी अमरीकी लोकतंत्र का एक और आयाम है कि ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ ले रहे थे, लेकिन एक भीड़ वाशिंगटन की सडक़ों पर थी, जिनके हाथों में पोस्टर, बैनर थे और वे 'गर्भपात के महिला अधिकार' और 'जलवायु परिवर्तन पर अमरीका के सकारात्मक रवैये' की मांग कर रहे थे। यह एजेंडा कमला हैरिस का था, जिसे उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाया था। बहरहाल ट्रंप की पहली परीक्षा यह होगी कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध पर यथाशीघ्र विराम लगा पाते हैं या नहीं! उन्होंने इजरायल-हमास युद्धविराम पर दोनों पक्षों को चेतावनी जरूर दी है। चीन अमरीका का दुश्मन भी है और प्रतिद्वंद्वी भी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 'ट्रंप की ताजपोशी' पर आने की बात कही जा रही थी, लेकिन अब चीन का कोई प्रतिनिधि मौजूद रहेगा। लोकतंत्र और वामपंथी शासन के बीच बुनियादी और वैचारिक विरोधाभास बने रहेंगे, लेकिन शी और ट्रंप में संवाद होता, तो संबंधों के नए गलियारे खुल सकते थे। भारत अमरीका का सबसे भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार रहा है, दोनों के बीच कारोबार भी सर्वाधिक है, उसके बावजूद भारत के प्रधानमंत्री मोदी 'ट्रंप के राजतिलक' में शामिल क्यों नहीं हो पाए, यह एक अहम सवाल है, जिसका जवाब निकट भविष्य में सामने आ सकता है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप को अपना 'अंतरंग दोस्त' मानते रहे हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वाशिंगटन जाना तो महज एक औपचारिकता है। राष्ट्रपति ट्रंप भारत-समर्थक हैं, यह उनके प्रशासन के फैसलों से भी साफ होता है। उनकी टीम में कई भारतवंशी चेहरे भी हैं। एलन मस्क और विवेक रामास्वामी ट्रंप प्रशासन के मुख्य रणनीतिकार हैं और वे भारत-समर्थक माने जाते हैं। बहरहाल ट्रंप को इसलिए ज्यादा ताकतवर राष्ट्रपति आंका जा रहा है, क्योंकि सीनेट और प्रतिनिधि सभा अमरीकी कांग्रेस के दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी का पर्याप्त बहुमत है। ट्रंप अपनी पार्टी के एकतरफा नेता हैं। उन्हें जनादेश भी एकतरफा ही मिला है। सर्वोच्च अदालत में रिपब्लिकन पार्टी की सोच और मानसिकता के कई न्यायाधीश हैं। बहरहाल ट्रंप की सफलता की गाथा समय ही लिखेगा। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण दो खबरें हैं। एक तो एच-1बी वीसा में कमी नहीं होगी। 2024 में अमरीका ने 1.20 लाख एच-1बी वीसा जारी किए, जिनमें से 25,000 के करीब भारतीयों को दिए गए। इस संदर्भ में भारतीय पहले स्थान पर रहे। अमरीकी टेक सेक्टर भारतीय प्रतिभाओं पर ही निर्भर है। एक काला पक्ष यह भी है कि जो करीब 1.10 करोड़ अवैध प्रवासी अमरीका में घुसते हैं, उनमें भारत तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रपति ट्रंप का सर्वोच्च एजेंडा है कि अवैध घुसपैठियों को अमरीका से खदेड़ा जाएगा। दफ्तरों में छापे मारे जाएंगे। मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का फैसला लिया जा चुका है। यदि 'अमरीका फस्र्ट' नीति के तहत चीन पर टैरिफ 10-15 फीसदी बढ़ाया जाता है, तो उसका फायदा भी भारत को होगा। 'सप्लाई चेन' में भारत की भूमिका अहम रहने वाली है। अमरीकी कंपनियां भी निश्चित तौर पर भारत आना शुरू करेंगी।

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब?



ललित गर्ग

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।



सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।

राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं।

दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमूना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।

सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है। डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है।

इस बार की दिल्ली की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। "अभी नहीं तो कभी नहीं।" दिल्ली के सिंहासन को छूने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल चुनाव जीतने की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा दिल्ली भुगत रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे। क्योंकि पार्टियां और उम्मीदवार विकास करने, समता एवं सौहार्दमूलक समाज बनाने, नयी दिल्ली निर्मित करने और जाति, मजहब और वर्गों के आधार पर चले आ रहे विभाजन को पाटने के बजाय लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ उकसाने, धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत एवं द्वेष की दीवारे खिंचने, असुरक्षा की भावना पैदा करने और अपना राजनीतिक भविष्य सुनिश्चित करने की जुगत में रहते हैं। इन जटिल एवं ज्वलंत हालातों में किस तरह लोकतंत्र मजबूत होगा? चुनाव आयोग के निर्देश, आदेश व व्यवस्थाएं प्रशंसनीय हैं, पर पर्याप्त नहीं हैं। इसमें मतदाता की जागरूकता, संकल्प और विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगे। क्योंकि चयन का विकल्प लापता/गुम है। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकाल कर ही दिल्ली के चुनाव को सकारात्मक स्वरूप प्रदान किया जा सकता है, दिल्ली को दुनिया की बड़ी राजधानियों की तुलना में खड़ा किया जा सकता है। लेकिन 2025 के विधानसभा चुनाव में ऐसा होता हुआ दिख नहीं रहा है, उसकी खोज लगता है अभी प्रतीक्षा कराएगी।

## 22 जनवरी : इतिहास की अहम घटनाएं

1946 ईरान क्राइसिस: द रिपब्लिक ऑफ महाबाद अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की, ईरान के भीतर कुर्दों के लिए स्वायत्तता की मांग की।

1957 न्यूयॉर्क शहर की पुलिस ने पूरे शहर में 16 वर्षों में 30 से अधिक बम प्लांट करने के लिए 'मैड बॉम्बर' के नाम से मशहूर जॉर्ज मेटस्की को गिरफ्तार किया।

1963 देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।

1963 फ्रांस और पश्चिमी जर्मनी ने एलीसी संधि पर हस्ताक्षर किया।

1970 बोइंग 747 को न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।

1971 कॉमनवेल्थ ऑफ नेशंस के राष्ट्रव्यापी संविधान में दो सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक, सिंगापुर घोषणापत्र जारी किया गया था।

1972 इस्तानबुल की पूरी आबादी को 24 घंटे की अवधि के लिए नजरबंद किया गया।

1973 अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात को कानूनी मान्यता दे दी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि महिलाओं गर्भवती होने के पहले 6 महीने के भीतर गर्भपात करवा सकती हैं।

1973 अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने गर्भावस्था के पहले छह से सात महीनों के दौरान गर्भपात को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों पर प्रहार करते हुए Roe V. Wade में अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

1984 Apple कंप्यूटर ने Macintosh को पेश किया, जो कि सुपर बाउल XVIII के दौरान अपने ग्राउंडब्रेकिंग '1984' टेलीविज़न कमर्शियल के दौरान ग्राफिकल यूजर इंटरफेस का उपयोग करने वाला पहला सफल पर्सनल कंप्यूटर था।

1987 रिश्वत लेने के दोषी पाए जाने के बाद, पेन्सिलवेनिया के कोषाध्यक्ष आर. ड्वायर ने एक टीवी पत्रकार वार्ता के दौरान आत्महत्या कर ली।

1994 न्यूयॉर्क सिटी में MSG में 45 वें NHL में वेस्ट को 9-8 से हराया।

1998 वर्ल्ड लीग ऑफ अमेरिका फुटबॉल NFL ईस्ट बन गया।

2003 नासा के अंतरिक्षयान पायनीयर 10 पृथ्वी से सर्वाधिक दूर मानव निर्मित यान से अंतिम बार संपर्क स्थापित हुआ।

2003 संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट है कि अल कायदा और इराक के बीच कोई संबंध नहीं है।

2003 फिलिस्तीनियों द्वारा बीट लिड इज़राइल में एक बड़ा बम हमला किया गया है। इससे 21-22 लोगों की मौत हो गई।

2006 इवा मोराल्स ने बोलीविया के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

2006 Aymaran Evo Morales का उद्घाटन बोलीविया के राष्ट्रपति के रूप में किया गया था, जो देश का पहला लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित, पूरी तरह से Amerindian नेता था।

2010 वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की ऊर्जा की कमी और मुद्रा पुनर्मूल्यांकन के आसपास की नीतियों ने लोगों को उनके खिलाफ प्रदर्शित किया।

2011 H-II ट्रांसफर व्हीकल HTV-2 Resupply Craft को जापानियों ने लॉन्च किया है। यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक कार्गो पहुंचाने के मिशन में है।


2013 'स्काईफॉल', नवीनतम जेम्स बॉन्ड फिल्म चीन में खुलती है। सिनेमा प्रशंसकों ने फिल्म के कुछ हिस्सों को सेंसर करने के लिए अधिकारियों की आलोचना की है। यह शंघाई में फिल्माया गया था।

2014 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के शोधकर्ताओं ने मामूली ग्रह सेरेस पर जल वाष्प का पता लगाया है। यह आंतरिक सौर मंडल का सबसे बड़ा क्षुद्रग्रह और एकमात्र बौना ग्रह है।

2015 उक्रेन के दोनेत्स्क में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई।

## समसामयिक

# बेतवा नदी की दुर्दशा पर उदासीन शासन-प्रशासन



डॉ. सुरेश गर्ग

**सोते** हुए को जगाया जा सकता है, मूर्क्षित का इलाज़ कराया जा सकता है; परन्तु जागते व्यक्ति को जाग्रत करना कुंभकर्ण को नींद से उठाना जैसा मुश्किल है! ऐसी ही कुछ मनो-स्थिति विदिशा नगर की नज़र आ रही है! जबकि विदिशा सदियों से राजनीतिक, धर्म-सांस्कृतिक, व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में बहुत संवेदनशील, जागरूक और अग्रणी रहा है! यहाँ से चुनी गयीं विभूतियाँ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बनी! एतिहासिक-पुरातत्वीय एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में यह आदिकालीन पहचान रखता है! सम्राट अशोक की पत्नी 'देवी' विदिशा की थी. जिसके पुत्र-पुत्रियों ने बौद्धधर्म को विदेशों में फैलाया। आज विदिशा नोबेल शांति पुरस्कार विजेता श्री कैलास सत्यार्थीजी के नाम से जाना जाता है। यहाँ का गेहूँ अंतर्राष्ट्रीय चाहत रखता है। यहाँ की 'सार्वजनिक भोजनालय सेवा समिति' कई दशकों से शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों के नाते-रिश्तेदारों को प्रतिदिन दोनों समय निशुल्क भर पेट भोजन कराती आ रही है, और बारह माह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के डिब्बे-डिब्बे जाकर शीतल जल उपलब्ध कराती है। 'प्रतिभा विकास संस्थान' गरीब-पिछड़े विद्यार्थियों को कोचिंग दिलाती है, 'मानस शिशु मंदिर शिक्षा प्रदान कराता है। हरि वृद्धाश्रम उपेक्षितों का सहारा है। 'पं. गंगा प्रसाद पाठक कला-संस्कृति न्यास' सांस्कृतिक एवं 'सेवा भारती' स्वास्थ्य सेवायें दे रही हैं! सौ बरसों से अधिक समय से 'रामलीला समिति' कार्यरत है, तो 'सार्जनिक वाचनालय' सरस्वती ज्योत जगा रहा है। कुछ तथाकथित सिरफिरे 'गांधी सुमिरन मंच' के नाम से गांधी प्रतिमा पर प्रतिदिन कड़ाके की ठंड-बरसात में सुबह-सबह जाकर वहाँ की साफ-सफाई करके 'गांधी भजन' सुनते-सुनाते उनके प्रति कृतज्ञता प्रगट करते हैं। ऐसी सेवाभावी एवं सांस्कृतिक दर्जनों संस्थाएं यहाँ कार्यरत हैं, शायद ही, इतनी अन्य कहीं हों? लेकिन इस शहर की जीवनरेखा 'बेतवा नदी' के प्रति सभी राजनीतिक पार्टियों के राजनेता, जनप्रतिनिधि एवं तथाकथित गणमान्य प्रभावशाली महानुभाव उदासीन-से हैं!

विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि दशकों पहले एक शिक्षक श्री मदनलालजी शर्मा अपने पैसे और श्रम से अकेले हर गणमान्य व्यक्ति एवं सत्तासीन शख्सियत के पास जाकर मल-मूत्र भरे चोर नाला के बेतवा में मिलने को रोकने के लिए हाथ जोड़ते रहे...! परन्तु 'लोग' उन्हें सिरफिरा कहके मजाक उड़ाते रहे! लेकिन जब जनवरी 2003 में तात्कालीन कलेक्टर ने बेतवा उत्थान समिति के नाम से बेतवा सफाई, संरक्षण एवं संवर्धन का आह्वान किया तो पूरा शहर प्रतिदिन सुबह-सुबह श्रमदान करता नज़र आया...! बेतवा पुनर्जीवित-सी होती दिखने लगी, परन्तु राजनीतिक गुणा-भाग ने उनका स्थानान्तरण करा दिया। लेकिन कुछ बेतवापुत्र श्रमदानियों ने बेतवा उत्थान समिति के माध्यम से बिना नागा प्रतिदिन श्रमदान की आहुति देकर वह दीपक आज बाईस वर्ष तक बुझने नहीं दिया। इस दौरान अनेक राजनेता, मंत्री और अधिकारी यहाँ आये, दिखावटी श्रमदान और राजनीतिक जुमलेबाज़ी करके अपनी रोटियाँ सैंकते रहे...! नतीजा वही ढाक के तीन पात! परन्तु श्रमदानियों की मेहनत से आज बेतवा में पानी है, वरना वह चोर नाला बन जाती! यह समिति जागकर भी सोते हुए शासन-प्रशासन एवं मारीची विलाप करने वाले नगर के जिम्मेदार महानुभावों को याद दिलाने के लिए प्रत्येक वर्ष अपनी वर्षगांठ मनाती आ रही है। पिछले पाँच बरसों से इसदिन जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन के लिए काम करने वाली एक शख्सियत को वरिष्ठ पत्रकार श्री विनोद शाह की तरफ़ से अपनी स्व. माताश्री श्रीमती मणिबेन शाह की समृति में सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष वह चित्रकूट में जल-संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही ख्यातनाम विदुषी डॉ. श्रीमती नंदनी पाठक को दिया गया। डॉ. नंदनी पाठक भारत रत्न आदरणीय नानाजी देशमुख की छाया एवं स्नेहिल मार्गदर्शन में पली-बढ़ी हैं! साथ ही उन्हें उनके पति डॉ. भरत पाठक का संबल प्राप्त है, जो नमामि गंगे विचार मंच के संयोजक एवं भारत सरकार की विभिन्न समितियों के सदस्य हैं। डॉ. नंदनी ने अपने ओजस्वी भाषण से सदन को रोमांचित कर दिया। जैसे स्वामी विवेकानन्द की आत्मा आकर आह्वान कर रही हो- तत्त्वमसि! तुम ही ब्रह्म हो! जागो! उठो! परन्तु इस समय भी सदन में शासन-प्रशासन की ओर से कोई नहीं था, केवल नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के...! जब ये नहीं थे, तब तथाकथित गणमान्य नागरिक और पत्रकार क्यों आने लगे...! वैसे भी वर्तमान राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था में किसी का कोई मायने नहीं रहा, सब अपनी-अपनी दुकान संभालने में लगे हैं! परन्तु डॉ. नंदनी पाठक से श्रमदानियों ने उम्मीद संजोली है कि वे बेतवा को नमामि गंगे कार्यक्रम में शामिल कराकर 'भागीरथी' श्रेय ज़रूर प्राप्त करेगीं। यदि ऐसा न हो सका तो बेतवा-केन मिलन के बाद बेतवा भारत के नक्शे में अपने उदगम से बेतवा-केन मिलन तक मात्र एक रेखा बन कर रह जायेगी और उसके आगे वह केन के नाम से ही जानी जायेगी।

# उपभोक्ता कानून : सेवाओं में कमी के लिए वकील उत्तरदायी नहीं!



डॉ, श्रीगोपाल नारसन एड.

देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने माना कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत वकीलों को सेवा में कमी के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी व न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने कहा कि कानूनी पेशा अद्वितीय है और

और इसमें कार्य की प्रकृति विशिष्ट है ,इसकारण इसकी तुलना अन्य व्यवसायों से नहीं की जा सकती।इसी आधार पर उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी कि उपभोक्ता अदालतों में खराब सेवा के लिए वकीलों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।हालांकि सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि वकीलों को मुवक्किल की स्वायत्तता का सम्मान करना चाहिए, मुवक्किल के स्पष्ट निर्देश के बिना रियायतें देने और अधिकार का उल्लंघन करने का अधिकार वकीलों को नहीं होना चाहिए। मुवक्किल और वकील के पास काफी हद तक प्रत्यक्ष नियंत्रण होता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने राय व्यक्त करते हुए माना कि वकील और मुवक्किल के बीच का अनुबंध व्यक्तिगत सेवा है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत सेवा की परिभाषा से उक्त अनुबंध बाहर है।जिस कारण वकील उपभोक्ता कानून के दायरे में नही आ सकते।सुप्रीम कोर्ट को यह व्यवस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया, दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और बार ऑफ इंडियन लॉयर्स जैसी बार संस्थाओं तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा दायर याचिका पर संयुक्त निर्णय पारित करते हुए दी,उक्त संस्थाओं ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के 2007 के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि अधिवक्ता और उनकी सेवाएं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में आती हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अपने एक फैंसले में कहा था कि वकील की अपने मुवक्किल को दी गई सेवा पैसों के बदले में होती है। इस कारण वह एक कॉन्ट्रैक्ट की तरह है।इसलिए सेवा में कमी के लिए मुवक्किल अपने वकील के खिलाफ उपभोक्ता वाद दाखिल कर सकता है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे पूरी तरह से खारिज कर दिया है।सुप्रीम कोर्ट के जजों ने माना कि वकालत एक प्रोफेशन है।इसे व्यापार की तरह नहीं देखा जा सकता,किसी प्रोफेशन में कोई व्यक्ति उच्च दर्जे का प्रशिक्षण लेकर आता है, इस कारण उसके काम को व्यापार नहीं कहा जा सकता।सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैंसले में यह भी कहा कि एक वकील अपने मुवक्किल के निर्देश पर काम करता है। वह अपनी तरफ से कोर्ट में कोई बयान नहीं देता या मुकदमे के निपटारे को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं देता है। इस कारण उसकी सेवा को उपभोक्ता संरक्षण कानून में दी गई उपभोक्ता सेवा की परिभाषा के तहत नहीं माना जा सकता।




लेकिन साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि,' हम यह नहीं कहना चाहते कि वकीलों पर लापरवाही के लिए सामान्य कानून के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, लेकिन वे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नहीं आते हैं।'यह स्पष्ट है।सुप्रीम कोर्ट ने साफ रूप से कहा कि, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार किसी प्रोफेशनल को व्यवसायियों, व्यापारियों या उत्पादों या वस्तुओं के सेवा प्रदाताओं के बराबर नहीं माना जा सकता,इसलिए सुप्रीम कोर्ट यह मानना है कि अधिनियम का उद्देश्य केवल अनुचित व्यापार प्रथाओं और अनैतिक व्यावसायिक प्रथाओं से उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करना है,जिसमे किसी प्रोफेशनल को शामिल नही किया जा सकता।सुप्रीम कोर्ट ने इस सवाल पर कि ₹क्या अधिवक्ता सेवा के अनुबंध के तहत एक सेवा है₹, सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा, ₹हमने अधिवक्ता अधिनियम, बार काउंसिल नियमों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों पर विचार किया है और कहा है कि उपरोक्त दृष्टिकोण से अधिवक्ता और उसके मुवक्किल के बीच संबंध अद्वितीय विशेषताओं को इंगित करेगा। अधिवक्ताओं को आम तौर पर अपने मुवक्किलों का एजेंट माना जाता है और उन्हें अपने मुवक्किलों के प्रति प्रत्ययी कर्तव्य निभाने होते हैं। अधिवक्ताओं को कम से कम प्रतिनिधित्व के उद्देश्यों के बारे में निर्णय लेने के लिए मुवक्किलों की स्वायत्तता का सम्मान करना चाहिए। अधिवक्ता मुवक्किल के स्पष्ट निर्देश के बिना अदालत को रियायतें देने या कोई वचन देने के हकदार नहीं हैं। अधिवक्ताओं का यह गंभीर कर्तव्य है कि वे अपने मुवक्किल द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उल्लंघन न करें।₹

वही सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की बेंच ने सन 1995 में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनाम वी पी शांता' केस में दिए गए फैसले पर भी दोबारा विचार की जरूरत बताई है। दोनो जजों ने चीफ जस्टिस से सिफारिश की है कि तीन जजों की बेंच के उस फैसले को विचार के लिए बड़ी बेंच को सौंपा जाए, सन 1995 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल व्यवसाय को उपभोक्ता संरक्षण के तहत सर्विस करार दिया था,जो आज तक बरकरार है।यदि वकीलों के पक्ष में दिए इस फैंसले का अनुसरण करते हुए सुप्रीम कोर्ट चिकित्सको की सेवा को लेकर भी पुनः विचार करती है तो हो सकता है,चिकित्सक भी उपभोक्ता कानून की परिधि से बाहर हो जाए।लेकिन फिलहाल चिकित्सक चिकित्सा सेवा में कमी के लिए उपभोक्ता कानून के दायरे में आते है।

# शराब के नशे में युवक बना हैवान, वृद्धा के साथ दुराचार कर लूटा

**सड़क किनारे झोपड़ी में रहकर कर रही थी जीवन यापन**



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

शिकोहाबाद। क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां सड़क किनारे झोंपड़ी में रहने वाली 75 वर्षीय वृद्ध महिला से दुराचार की घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में चूर युवक ने इस घिनौने काम को अंजाम देने के बाद वृद्धा के पास से हजारों रुपये की नकदी भी लूट की गई । इधर घटना की जानकारी होते ही सनसनी फैल गई। वहीं पीड़िता की शिकायत के आधार पर आगे की कार्यवाही शिकोहाबाद पुलिस द्वारा की जा रही है । साथ ही सीसीटीवी से आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं सनसनीखेज मामले को लेकर खुद एसएसपी , एसपी देहात ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी हासिल की तथा घटना में शामिल आरोपी को पकड़ने के लिए पांच टीमों का घटन भी किया गया है। शिकोहाबाद में स्टेशन रोड पर सड़क किनारे झोंपड़ी डालकर रह रही एक 75 साल की वृद्धा के साथ शराब के नशे में अज्ञात युवक ने हैवानियत की हदें पार कर दीं। वृद्धा के चीखने चिल्लाने पर आरोपी ने उसका मुंह दबा लिया।

उसने वृद्धा के साथ दुराचार की घटना को अंजाम दिया । इधर घटना की जानकारी लोगों को मंगलवार सुबह उस समय हुई, जब कुछ लोग वृद्धा को उसकी झोंपड़ी में खाना देने गए। वृद्धा के कपड़े खून से लथपथ थे। वृद्धा ने लोगों को बताया कि रात में आए एक युवक ने उसके साथ गलत कार्य किया है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप कुमार मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने वृद्धा को मेडिकल के लिए भेजा । साथ ही घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी। सनसनीखेज मामला सामने आते ही एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया, सीओ प्रवीण कुमार तिवारी तुरंत मौके पर पहुंचे , साथ ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। एसएसपी ने घटना की जानकारी लेने के साथ आरोपी की तलाश में पांच टीमों का गठन किया है । इधर पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस को वृद्धा ने कुछ बातें बताई है । घटना में दो लोगों के शामिल होने की भी चर्चा हैं। जिनमें से एक झोंपड़ी के बाहर खड़ा था ।

# 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर सीडीओ ने की समीक्षा बैठक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । मुख्य विकास अधिकारी शत्रौहन वैश्य की अध्यक्षता में 25 जनवरी 2025 को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्यह्य मतदाता थीम पर आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गयी। इस बैठक में शासन के निदेशों के तहत बताया गया कि प्रत्येक वूथ पर विभिन्न स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाले मतदाताओं को शपथ दिलायी जायेगी। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों ट्रांसजेण्डर अन्य वर्गो के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं, की सहभागिता को सुनिश्चित करने हेतु कॉलेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल, कॉलेजों में प्रभातफेरी, स्लोगन, राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। साथ ही साथ उन्होने कहा कि 25 जनवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही साथ आयोग द्वारा तैयार की गयी ई0वी0एम0, वी0पी0पैट तथा पंजीकरण/समावेशन इत्यादि से सम्बन्धित फिल्म को आयोजित समारोह में दिखाया जायेगा। साथ ही साथ प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को जनपद स्तर पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सहभागिता हेतु जागरूकता लाने के लिये आशा, स्वंय सहायता समूह की महिलाओं आदि की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशुराजा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डे, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक राजेन्द्र कुमार एंव नरसिंह आदि उपस्थित रहे।

# अवैध रिवाल्वर के साथ आरोपी को पकड़कर जेल भेजा



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।

जसरानाः पुलिस ने चेकिंग के दौरान कड़ी कार्रवाई करते हुए रिवाल्वर सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

थाना अध्यक्ष रमित आर्य ने बताया कि मंगलवार को सुबह 11:00 बजे फरीदा मोड़ से रामपुर चौराहे होते हुए थाना आ रहे थे तभी रास्ते में साधू सिंह के ट्यूबवेल के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने गाड़ी छोड़कर उक्ति व्यक्ति का पीछा कर थोड़ी ही दूरी पर दबोच लिया। जिसके पास से कमर में घुसा हुआ एक देसी रिवाल्वर दो जिंदा कारतूस निकले आरोपी ने अपना नाम मदनलाल पुत्र दुर्गा लाल निवासी गांव सूथरा थाना डाबी जिला बूंदी राजस्थान बताया।आरोपी पर थाना फरिहा एवं नारखी में भी संगीन अपराध दर्ज हैं। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थाना अध्यक्ष के साथ उप निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा प्रशिक्षित उपनिरीक्षक विपिन कुमार हेड कांस्टेबल सचिन कुमार का पूर्ण सहयोग।

# निराश्रित गौ वंश नंदी को भिजवाया गौ शाला



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला । नगर के सब्जी मंडी पर कई दिनों से कई महिला पुरुषों को मारकर कर गम्भीर रूप से घायल करने वाले निराश्रित गौ वंश नंदी को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के पदाधिकारी गणों ने पकड़वाकर कर मदावली गौ शाला भिजवाया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने बताया कि नगर के सब्जी मंडी के दुकानदारों द्वारा संगठन को सूचना दी कि निराश्रित नंदी बहुत ही खतरनाक है और उसके द्वारा कई लोगों को मार कर घायल कर दिया गया है ।इस पर नगर पालिका कर्मीओ और पशु चिकित्सक को बुला कर उक्त नंदी को गौ शाला भिजवाया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक,भवानी सिंह,नरेंद्र चक,देवांशू प्रताप सिंह,भाषेंद्र सिंह,राहुल चक,सोनू बाल्मीकि, धर्मवीर,हर्ष कुमार,सनी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच मकान बटवारें को लेकर विवाद, घर से बाहर फेंका सामान

**बच्चों सहित सड़क पर बैठा परिवार**

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।



फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र के दुली मोहल्ले में मकान के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच पारिवारिक विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ ही सामान को सड़क पर फेंक दिया। साथ ही परिजनों को मकान से निकाल दिया ।परिवार सड़क पर बैठ गया। पुलिस ने बातचीत कर मामला शांत कराया और उन्हें सड़क से उठाया। पूरा मामला थाना उत्तर क्षेत्र का है। दुष्यंत तिवारी और उनके परिजन हरीशंकर तिवारी पक्ष के बीच विवाद हो गया। दुष्यंत पक्ष का कहना है कि मकान के बंटवारे को लेकर मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी दूसरे पक्ष के लोग पुलिस के साथ उनके घर में घुस आए और सामान सड़क पर फेंक दिया। उन्होंने महिलाओं के कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाया है। दुष्यंत अपने परिजनों को साथ लेकर सड़क पर बैठ गए। इससे जाम लग गया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर जाम खुलवाया है। इंस्पेक्टर थाना उत्तर राजेश पांडे का कहना है कि मकान के बंटवारे को लेकर आपसी विवाद है। कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील दोनों पक्षों से की गई है। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एक पक्ष कोर्ट में मामला विचाराधीन होने की बात कह रहा है। कोर्ट के आदेश की प्रति को भी देखा जाएगा। जो भी आवश्यक कार्यवाही होगी की जाएगी।

# बसों से यात्रियों का सामान चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कब्जे से चोरी के छः मोबाइल, तमंचा व कारतूस बरामद**



नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।

फिरोजाबाद। बसों में बैठे यात्रियों के कीमती सामानों की चोरी करने की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 06 मोबाइल व 01 तमंचा और एक ज़िंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि जो आरोपी गिरफ्तार हुआ है वो शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है। साथ ही आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है।

पूरा मामला थाना क्षेत्र उत्तर का है। चोरी की वारदातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस चैंकिंग कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों के कीमती सामान मोबाइल, बैग, पर्स आदि को चोरी करने की घटना को अंजाम देने वाले के शातिर चोर हिस्ट्रीशीटर संजय उर्फ पीपी पुत्र उजागर लाल निवासी ग्राम नगला बरी थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज को गोमती नगर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी के छः मोबाइल मिले है। जिनकी कीमत लगभग दो लाख से अधिक है। साथ ही पुलिस को आरोपी से एक तमंचा, कारतूस, ईयरफोन और चार्जर भी बरामद हुआ है। पुलिस ने जब पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि वह बसों में बैठकर यात्रियों के सो जाने पर उनके बैग, मोबाइल एवं जो भी सामान मिलता है उसे चोरी कर लेता था। साथ ही आरोपी ने बताया कि चोरी किये गये मोबाइलो को रास्ते चलते लोगो को सस्ते दामों में बेच देता था।और रुपयों को खर्च कर लेता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# फार्मर रजिस्ट्री तथा सम्मान निधि को लेकर 24 को लगेगा विशाल कैंप

नेशनल एक्सप्रेस /क्राइम रिपोर्टर ।

फिरोजाबाद । फार्मर रजिस्ट्री कृषि जनपद में सम्मान निधि जैसी योजनाओं में कृषकों के नाम में आ रही विसंगति को देखते हुए तहसील टूंडला में दिनांक 24 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को विशाल कैंप लगाया जाएगा जिसमें सभी लेखपाल कानून तथा अन्य अधिकारी गण तहसील सभागार में उपस्थित रहकर खातेदारों के नाम और उनके गाटा खाते में आ रही विसंगति को दूर करने के लिए उपस्थित रहेंगे इसके लिए सभी किसानों को यह आदेशित किया गया है कि वह एक प्रार्थना पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज लेकर तहसील में उपस्थित होंगे इन दस्तावेजों में बैनामा की कॉपी परिवार रजिस्टर की नकल, खातेदारों द्वारा सहमति, आधार पैन वोटर आईडी की कॉपी दसवीं की मार्कशीट आदि दस्तावेज जैसा की आवश्यक होगा उपलब्ध कराने होंगे उसके बाद इन सभी कृषकों का खाता दुरुस्त कर दिया जाएगा यदि किसी किसान का अंश गलत है तो उस किसान को बैनामा की कॉपी या अपने से खातेदारों की सहमति शपथ पत्र के



माध्यम से दाखिल करनी होगी तभी उसके अंश में संशोधन किया जाएगा इस संशोधन के उपरांत ऐसे सभी किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ फार्मर रजिस्ट्री का लाभ जैसे लाभ प्राप्त होंगे यह कैंप प्राप्त है 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक तहसील सभागार में लगाया जाएगा ।

# ग्रामीण स्वयं आवास सर्वे का कार्य आवास प्लस ऐप के माध्यम से कर सकते हैं-जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



**पारदर्शिता लाने के लिये सरकार द्वारा की जा रही है महत्वपूर्ण पहल**

फिरोजाबाद । शासन और प्रशासन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को आवास मिले, जिससे वह और उसके बच्चे सुरक्षित हो सके। साथ ही साथ अच्छी शिक्षा प्राप्त कर बहतर नागरिक बन सके, इसलिये शासन द्वारा जारी निदेशों के क्रम में प्रशासन द्वारा आवास सर्वेयर का कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग दर्शन में पी0डी0डी0आर0डी0ए0 द्वारा लगातार इस बात का प्रयास किया जा रहा है कि सभी पात्र व्यक्तिओं का सर्वे कराकर इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। साथ ही साथ ऐसे विचैलिये जो लगातार इस सम्बन्ध में ग्रामीणों का भ्रमाते रहते हैं उनसे भी निजात दिलायी जा सके। इसलिये शासन ने गरीबों को इस मुसीबत से बचाने के लिये उन्हें खुद ही अपना सर्वेक्षण का अधिकार दे दिया है। ये समस्त सर्वे आवास प्लस ऐप पर होगा।

पात्र व अपात्र व्यक्तियों का चयन पंचायत स्तर पर सचिव द्वारा होगा। उनकी रिर्पोट के आधार पर ही योजना का लाभ पा सकेगें। कई बार रिर्पोट लगाने में मनमानी भी देखी जाती है, पात्र को अपात्र बना दिया जाता है। इन सभी परेशानियों को खत्म करने के लिये शासन ने ग्रामीणों को अपना सर्वे स्वंय करने का अधिकार दिया है। इस कार्य को करने के लिये या स्वंय सर्वे करने के लिये ग्रामीणों को मोबाइल पर आवास प्लस ऐप डाउनलोड करना होगा, इसके बाद उन्हें अपना पूरा ब्यौरा भरना होगा, फिर अपनी झोपड़ी या कच्चे मकान की फोटो ऑनलाइन अपलोड करनी होगी, इसके बाद सेव बटन में क्लिक करते ही सर्वे पूरा हो जायेगा। इस दौरान कुछ विशेष सावधानी बरतनी होगी जैसे फोटो ऑनलाइन खींच कर अपलोड करते समय यह ध्यान रखना होगा कि इसमें कोई भी पक्की दीवार, मकान, छत आदि कुछ भी नहीं आना चाहिये अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में पी0डी0डी0आर0डी0ए0 सुभाष चन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। इसमें सेल्फ सर्वे भी हो रहा है, इसके तहत ग्रामीण आवास प्लस ऐप पर सर्वे खुद कर सकते है। ह्यह्यपारदर्शिता लाने की दिशा में सरकार द्वारा किया गया यह प्रयास उल्लेखनीय है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में रोडवेज कर्मचारियों का किया गया नेत्र परीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद । सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को रोडवेज बस स्टैंड पर विभाग की टीम ने रोडवेज बस के चालको, परिचालकों का नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कई चालको, परिचालको के चश्मे भी बनाए जाने का परामर्श दिया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. दीपक कुमार, डा शाहिद ने रोडवेज बस स्टैंड पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर रोडवेज बसों के चालक, परिचालकों के अलावा डिपो में काम करने वाले कर्मचारियों की आंखों को चेक किया गया। शिविर के दौरान कुल 55 कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें से 20 कर्मचारियों की आंख की रोशनी में कमी पाई गई। जिन्हें चश्मा बनवाने की सलाह दी । इसके साथ ही 10 लोगों में ब्लड प्रेशर की समस्या भी देखने को मिली इस दौरान वीपी चेक करने के साथ ही पल्स, टैंप्रेचर, ऑक्सीजन लेवल और आंखें चेक की गईं। वहीं जिन कर्मचारियों का ब्लड प्रेशर कम था, उन्हें ओरआरएस घोल पीने के लिए भी निशुल्क दिया गया ।

### तीन भैंस चोरों को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। पुलिस ने चैकिंग के दौरान भैंस चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा।



पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की गई भैंस व लोडर वाहन बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा है।

वादी ने बताया कि 20 जनवरी को अज्ञात चोरों ने रात्रि में मेरी भैस चोरी कर ली थी। पुलिस ने इसके संबंध में थाना मटसैना पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इसी क्रम में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर यासीर पुत्र औसाफ, अदनान उर्फ अन्ना पुत्र मो0 मुजाहिद और विपिन कुमार पुत्र राजवीर सिंह को पशु घाट सिरसागंज से चोरी की गयी भैंस सहित मय लोडर वाहन सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा है।

### रोडवेजकर्मी की पुत्री के साथ युवक ने की अभद्रता, मुकदमा

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। घर के पड़ौस में रहने वाले युवक ने एक छात्रा के साथ उस समय छेड़खानी कर दी। छात्रा हवा से उड़े कपड़े को उठाने गई थी। चीख पुकार मचने पर अन्य लोगों के आने पर युवक एससी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देकर मौके से भाग गया। रोडवेज कर्मी पिता के साथ कोतवाली पहुंची छात्रा ने पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने पिता की तहरीर मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना जसराना के एक गांव निवासी किशोरी जसराना के एक कन्या विद्यालय में कक्षा 11 की छात्रा है। 18 जनवरी को स्कूल से घर लौटकर जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले युवक उपदेश कुमार उर्फ खलीफा ने छात्रा के साथ छेड़खानी करते हुए अश्लील इशारे किए। डरी हुई छात्रा ने अपनी मां को घटना के बारे में जानकारी दी। मां ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि 19 जनवरी को छात्रा छत पर कपड़े सुखा रही थी। तभी हवा से कपड़े पड़ोस के घर में चले गए। किशोरी कपड़े लेने गई तो पीछे से आरोपी युवक भी पहुंच गया। युवक के किशोरी को पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के चीखने चिल्लाने पर अन्य लोग आ गए। लोगों को आता देख युवक मौके से धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता के परिजनों ने पूरे मामले से किशोरी के रोडवेज कर्मी पिता को दी। पिता घर पहुंचे और किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे। पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी की धारा के साथ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। युवक को पकड़ने का प्रयास जा रहा है।

### अवैध कब्जा को लेकर ग्रामीणों ने धरना देकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/जसराना। तहसील के गांव सलेमपुर खुटियाना के बीस से अधिक ग्रामीण तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने गांव के कुछ लोगों पर मंदिर जाने वाले मार्ग पर अवैध रुप से कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान तहसील में धरना देकर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर रास्ता को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।



मंगलवार को ग्राम प्रधान के निर्देशन में सलेमपुर खुटियाना के बीस से अधिक ग्रामीणों ने तहसील में धरना दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा मंदिर तक जाने के लिए सार्वजनिक रास्ता बना हुआ है। लेकिन रास्ते पर गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण कार्य कर लिया है। रास्ता बंद होने से ग्रामीण मंदिर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहीं लोगों ने रास्ता रोकने से मना किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह को शिकायती पत्र देकर रास्ता को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ममता देवी, जयवीर सिंह, रायबहादुर, हरवेंद्र सिंह, मेघनाथ सिंह, मोहर सिंह, पूरन सिंह, मोहित, श्याम बहादुर, सर्जन सिंह, रामगोपाल, धर्मवीर, देवेंद्र, प्रभात तोमर, जितेंद्र तोमर, आकाश, भगत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने चैकिंग के दौरान वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना लाइनपार पुलिस ने चैकिंग के दौरान थाना पर दर्ज मुकद्दमे में वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र रामबाबू निवासी भरथना राजगंज थाना भरथना जनपद इटावा को अमित रिसोर्ट मीरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### थम नहीं रहा ओवरलोडिंग डंपरों का सिलसिला

नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर/टूंडला। नगर के सुभाष चौराहा पर से गुजरने वाले ओवरलोड डंपरों का सिलसिला लगातार जारी है,प्रदेश की योगी सरकार ने ओवरलोड मालवाहक वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए है मगर आगरा से टूंडला सुभाष चौराहा से होकर एटा के लिए जाने वाले गिट्टी बालू के दर्जनों ओवरलोड डंपर लगातार बेखौफ धड़ल्ले से गुजर रहे है। इन ओवरलोड डंपरों में बॉडी लेवल से 1से 2 फुट ऊपर गिट्टी बालू भरकर ले जाया जा रहा है।



इन ओवरलोड डंपरों से आए दिन सड़क हादसे भी होते रहते है मगर फिर भी इस पर परिवहन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग कानों में रुई डाले चैन की नींद सो रहा है। लगता है कि परिवहन विभाग किसी बड़ी अनहोनी घटना के इंतजार में हैं। वहीं सुभाष चौराहा एटा रोड पर इन डंपरो की वजह से जाम लग जाता है, इन डंपरों में कानफोडू प्रेसर हॉर्न लगे हैं जो लोगों के कान फोड़ राहगीरों को विचलित कर रहे हैं जिस कारण कई बार छोटे वाहन चालकों का ध्यान भटक जाता हैं और वे सड़क हादसे का शिकार हो जाते हैं। आखिर परिवहन विभाग अपनी कुंभकर्णी नींद से जाग कर कब इन पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करेगा यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है। क्योंकि परिवहन विभाग द्वारा यहां मुख्यमंत्री के आदेश भी हवा हवाई किए जा रहे हैं।

### पुलिस ने छात्र-छात्राओं को फेक न्यूज और साइबर अपराध की बताई पहचान

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । थाना पुलिस ने फेक न्यूज और साइबर अपराध से निपटने के लिए क्षेत्रीय इंटर कॉलेज सिरसागंज में छात्राओं को जागरूक किया है। इलाका पुलिस ने मंगलबार को डिजिटल वॉरियर अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कंप्यूटर ऑपरेटर ध्रुव कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि यदि आपके साथ कभी भी साइबर अपराध हो जाता है तो आप तुरंत 1930 पर फोन करे या थाने जाकर पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराए। साथ ही उन्हें पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर प्रसारित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम में उनि मोहर अली, तरुणा सिंह, तरुण कुमार, शुभम सिंह, ध्रुव सिंह , शशिकांत कटारिया , धर्मेन्द्र सिंह व विद्यालय परिवार



# हजरत शाह विलायत साहब उर्स में चादरपोशी कर मांगी दुआएं, कव्वालों ने कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत सैयद हुसैन शरफउऊदीन नकवी शाह विलायत साहब रह. का चार दिवसीय उर्स के तीसरे दिन मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर मसीह नजम, नौगांवा सादात से विधायक चौधरी समरपाल व कांग्रेसी नेता डॉ. मेराज हुसैन सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर चादरपोशी की और मन्नतें मांगी। इस दौरान दरगाह पर आने वाले मेहमानों की दरस्ताबंदी दरगाह कमेटी पदाधिकारियों द्वारा की गई। चादरपोशी कर मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ मांगी। दरगाह परिसर में आयोजित महफिल में कव्वालों ने हजरत शाह विलायत साहब की शान में कलाम पेश करते कहा...."सैकड़ों हो गए कहते कहते वली या अली या अली या अली या अली। "कभी दीवार हिलती है कभी दर कांप जाता है, अली का नाम सुनके अब भी खैबर कांप जाता है। "अली इमामे मन अस्तो मनम गुलामे अली, हजार जाने गिरामी फिदा बनामे अली।

"अली जी वीर हो बलवान हो धरती पिता तुम हो, नही तुम सा कोई सारे जगत में सूरमा तुम हो, अजब सी तुमरी लीला है नहीं मालूम क्या तुम हो, कही धर्मात्मा तुम हो कही परमात्मा तुम हो" आदि कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी। सुबह से ही दरगाह पर हर धर्म के लोगो ने हाजिरी लगाई। बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर चादरपोशी कर मंन्नते मांगी। मुतावल्ली हसन शुजा नकवी ने बताया कि दरगाह हजरत शाह विलायत साहब पर चार दिवसीय उर्स चल रहा है। यह वह मजार है जहां पर आज तक किसी भी बिच्छू ने डंक नहीं मारा है।

देश-विदेश से लोग इस चमत्कार को देखने के लिए आते हैं। हर धर्म का अनुयायी यहां आकर मन्नत मांगता है और उसकी दुआ कबूल होती है। बीमार को शिफा मिलता है। इन्ही की दुआओं से देवीय आपदाओं से नगर महफूज रहता है। उर्स के तीसरे दिन दरगाह पर नगर के तमाम पत्रकारों ने दरगाह पहुंचकर चादरपोशी कर मन्नत मांगे। इस दौरान मुतावल्ली हसन शुजा ने पत्रकारों के दस्तारबंदी कर सम्मानित किया। कल यानी आज बुधवार को मगरिब की नमाज बाद कुल शरीफ रस्म अदा की जाएगी। इस दौरान दरगाह परिसर में भारी भीड़ जुटी रही।

# पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जनपद के सभी थानों को 13 नए टैबलेट किये वितरण

## पासपोर्ट प्रक्रिया में अमरोहा पुलिस का नया कदम



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। पासपोर्ट प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। एम-पासपोर्ट सेवा के तहत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जनपद के सभी थानों को 13 नए टैबलेट वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य पासपोर्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाना है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डिजिटल उपकरणों का उपयोग पुलिस और जनता के बीच कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाएगा। इससे पासपोर्ट आवेदन की जांच प्रक्रिया सुगम और समयबद्ध होगी। इस नई व्यवस्था के माध्यम से अमरोहा जिले में पासपोर्ट से संबंधित कार्यों में न केवल पारदर्शिता आएगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सेवा भी मिल सकेगी। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया कि इससे पासपोर्ट जांच प्रक्रिया में लगने वाले समय में कमी आएगी।

जिले के नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक कदम बताया। अब डिजिटल युग में पुलिस और प्रशासन की ओर से की गई यह पहल जनपद की कार्यक्षमता को और अधिक बढ़ाने में सहायक साबित होगी।

# जिलाधिकारी ने किया गोवेर्धन के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन/मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील गोवर्धन स्थित विश्व प्रसिद्ध गिर्राज जी महाराज मंदिर के आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उत्कृष्ट साफ सफाई व्यवस्था, ट्रांसफार्मर के चारों ओर जाली, रेडी पट्टी वालों को व्यवस्थित करने आदि के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वृहद गौशाला पैंठा का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देश कि प्रतिदिन 2 बार गौशाला में गोबर की सफाई कराई जाए। नियमित रूप से प्रतिदिन चिकित्सक गौशाला आए और पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। उन्होंने हरा चारा व भूसा के भंडार को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि ठंड के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। सम्पूर्ण गौशाला में उत्कृष्ट साफ सफाई होनी चाहिए। जो भी गोबर इधर उधर पड़ा हुआ है, उसके लिए एक बड़ा गड्ढा बनवाकर उसमें गोबर डाला जाए। लोगों से आधिकाधिक भूसा दान में लिया जाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने गोवर्धन बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं, जन सामान्य, यात्रियों आदि से वार्ता की। रैन बसेरे की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रैन बसेरे में चारपाई/फोल्डिंग बेड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने 2 फायर सिलेंडर लगवाने के निर्देश दिए। रजाई, गद्दे, अलाव, महिलाओं हेतु की गई व्यवस्थाओं आदि का जायजा किया। उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने शौचालय का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने रैन बसेरे को और बड़ा करने के निर्देश दिए।

# बेटियों के हाथ पीले करने का काम कर रही भाजपा सरकार: राजीव तरारा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के हुए 156 जोड़े, नगर के एक बैंक्वेट हाल में विधिवत पूजा अर्चना व मंत्रोच्चार के साथ भव्यता से आयोजित हुआ कार्यक्रम, विधायक राजीव तरारा व जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने दी शुभकामनाएं

धनौरा। नगर स्थित एक बैंक्वेट हाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक राजीव तरारा व जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स रही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू और मुस्लिम रीति रिवाजों के साथ विधिवत हवन पूजन मंत्रोच्चार व रस्मो को निभाते हुए गाजे बाजे के साथ किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में 156 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जिसमें 106 हिन्दू और 50 मुस्लिम वैवाहिक जोड़े शामिल थे। वहीं कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक राजीव तरारा व जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सभी विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर उनको बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने कहा कि आज जो हमारी बहनें बहू बनकर जा रही हैं उनके सास ससुर भी उनको अपनी बेटी की तरह मानकर रखें और बहू भी अपने सास ससुर का ध्यान रखते हुए इस वैवाहिक जीवन को सुखमय व्यतीत करें। कहा कि बहुत ही विधि विधान से और धर्म की रीति रिवाज के अनुसार ही यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो बहन बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य सरकार कर रही। उन्होंने सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बहन बेटियों का विवाह कराया जा रहा है। अनेक तरह की गरीबों के हितार्थ कल्याण कारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सके और उन्नति कर सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सभापति ने उत्कृष्ट कार्य करने पर संचालक मंडल और स्टाफ को किया सम्मानित



**नेशनल एक्सप्रेस विशाल शर्मा**

हसनपुर। बहुद्देशीय सहकारी समिति लि भदौरा पर संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि समिति संचालक मंडल एवं स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से किए गए प्रयासों से किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से गत वर्ष से अधिक ऋण उपलब्ध कराया गया है। साथ ही खेती के लिए ऊर्वरक भी गत वर्ष से अधिक उपलब्ध कराया गया है। ऋण वसूली का कार्य भी संतोष जनक है।

समस्त संचालक मंडल और स्टाफ के बेहतर तालमेल और किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सभी को शॉल उढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक डायरेक्टर राहुल राणा जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर शॉल उढाकर सम्मानित करते हुए शुभक-ामनाएं दीं। साथ ही समय समय पर समिति कार्यों में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। राहुल राणा आगे भी इसी प्रकार से समिति कार्यों में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उपसभापति समरपाल सिंह, सभापति सहकारी संघ कुंदरखी भूड़ करन सिंह, शाहनवाज चौधरी, नासिर चौधरी, मनोज सिंह, गजे सिंह चौधरी, सेवेन्द्र पाल सिंह, राजवीर सिंह,सचिव सोनू कुमार, आंकिक अतिकुर्रहमान, कंप्यूटर सहायक टिंकू कुमार ,एवं रामसिंह को सम्मानित किया गया।

# सपा नेता हत्याकांड में 6 के विरुद्ध मुकदमा

## सीओ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

**नेशनल एक्सप्रेस विशाल शर्मा**

रहरा। सपा नेता की दिनदहाड़े हत्या से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। जयतौली मुस्तकम निवासी 50 वर्षीय इशरत अली की सोमवार दोपहर करीब 12 बजे महरपुर गुर्जर से बाइक पर लौटते समय बदमाशों ने कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

घटना के समय मृतक के भाई राहत अली की फोन पर इशरत से बात चल रही थी। राहत ने बताया कि उन्होंने फोन पर बदमाशों को इशरत को पकड़ लो और मार दो' कहते हुए सुना और कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज भी सुनाई दी। जब वह मौके पर पहुंचे, तो बदमाश उनके भाई को खेत में खींच रहे थे और उन्हें देखते ही फरार हो गए।पुलिस ने राहत अली की शिकायत पर पूर्व प्रधान पति नाजिम, कमर, रहीस उर्फ छोटे, आकिब, नाहिद खां और विकार समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम के बाद जब देर रात शव गांव पहुंचा, तो पूरा गांव शोक में डूब गया।



### परिजन ने की आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

मंगलवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और जांच में सामने आने वाले अन्य दोषियों को भी केस में शामिल किया जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

# पूर्व एमएलसी ने किया सड़कों का शिलान्यास

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अमरोहा। सदर विधायक लोक लेखा समिति के सभापति व पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली की निधि से निर्मित होने वाली सीसी रोड व नाली का पूर्व एमएलसी परवेज अली ने शिलान्यास किया। उन्होंने बोलते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सदैव विकास रहा है। सड़के व नाली दुरुस्त होगी तो आमजन को लाभ मिलेगा।

मंगलवार को पूर्व विधान परिषद परवेज अली ने सदर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोकलेखा समिति के सभापति महबूब अली की निधि से निर्मित होने वाले मार्ग अमरोहा नगर मौहल्ला कुरैशी छत्तरी वाला बाग गली न० 1 में हाजी सरफराज के मकान से मुन्नी के स्कूल तक, मौहल्ला कुरैशी गली न० 2 राशिद के मकान से तहसीन के मकान तक मौहल्ला कुरैशी गली न० 3 शकील के मकान से इंतजार के मकान तक, मौहल्ला कुरैशी गली न० 5 असलम सलमानी के मकान से अरशद मंसूरी के मकान तक, मौहल्ला कुरैशी गली न० 7 जुम्मा के मकान से अरमान के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन सड़को की काफी जर्जर हालत थी व पिछले काफी समय से जनता द्वारा इन को दुरूस्त कराने की मॉग उठ रही थी श्री अली जी के प्रयास से अमरोहा की काफी सड़को का निर्माण होता आ रहा है। नगर के विकास के लिये सड़को का सही होना अति आवश्यक है। उक्त सड़को के निर्माण से मौहल्लेवासियो को आवागमन में सुविधा होगी। श्री अली सदैव ही जनता की सेवा के लिये तत्पर रहते है। इस मौके पर इकरार मैम्बर, अंसार मैम्बर, अतीक अहमद, सलीम अंसारी, तहसीन ठेकेदार, शाहिद सैफी, अनवर मलिक, दिलशाद अली आदि मौजूद रहे।

# धनौरा कान्हा गौशाला का डीएम निधि गुप्ता वत्स ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने नगर पालिका परिषद धनौरा की कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने हरा चारा, भूसा, खली चोकर उपलब्धता बीमार पशु पशुओं को रखरखाव दोनों टाइम चारा और पानी देने के समय सहित अन्य संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गौशाला प्रभारी व अधिशासी अधिकारी से जानकारी ली।

गौशाला में साफ सफाई नालियों के बंद होने सफाई न होने जल जमाव होने व गोबर गैस प्लांट के बन्द होने पर नाराजगी व्यक्त कर गौशाला प्रभारी कृष्ण कुमार का स्पष्टीकरण कॉल करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गोबर गैस प्लांट को चालू किया जाए। गोबर का उचित निस्तारण किया जाए । गौशाला में पशुओं की संख्या



के सापेक्ष जगह कम होने के संबंध में अलग से शेड बनाने के निर्देश दिए।

गौशाला में नालियों के चोक होने और साफ सफाई नहीं होने पर निर्देशित किया की जल निकासी के लिए नालियों के साथ सफाई कराई जाए गौशाला को साफ सुथरा किया जाए, गायों की सपुर्दगी बीमार पशु मृत पशु स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया और कई खामियां होने पर मेंटेन करने के निर्देश गौशाला प्रभारी को दिया। भूसा गोदाम का निरीक्षण कर हरा चारा खली चोकर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि पशुओं को भूसा और खली चोकर मिलाकर अवश्य दिया जाए ।

अधिशासी अधिकारी से हरा चारा की बुवाई, चारा कंहा से मंगाया जाता है प्रतिदिन कितना लगता है सहित अन्य संबंधित बिंदुओं पर जानकारी लेकर निर्देशित किया । पशु डॉक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी पशु बीमार होता है तो उसका इलाज समय से हो जाए या सुनिश्चित करें कोई भी पशु बीमार नहीं रहना चाहिए । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गायों को गुड़ खिलाकर निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं को दोनों टाइम समय से चारा और पानी दिया जाए दोनों टाइम चारा और पानी देने के लिए उचित समय निर्धारित किया जाए । निरीक्षण के अवसर पर अधिशासी अधिकारी पशु चिकित्सक, संरक्षक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# गजरौला में नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गजरौला। नगर पालिका के तत्वावधान में कलाकारों ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर में अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कर नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। मंगलवार को बहार से आए कलाकारों ने नगर में अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता के लाभ बताए। सात सदस्यीय नुक्कड़ नाटक टीम ने कन्या प्राइमरी पाठशाला, इंदिरा चौक, शिव मंदिर इंदिरा चौक चौराहा, शिव इंटर कॉलेज में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक आयोजित किए। जिसमें काफी संख्या में जनमानस एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिव इंटर कॉलेज में लगभग 500 छात्र छात्राएं एवं शिव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आचार्य एवं नगर पालिका परिषद का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत महिला बीट कर्मियों के साथ गोष्ठी का आयोजित

## एसपी अमित कुमार आनंद ने महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षार्थ हेतु किया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस विशाल शर्मा**

अमरोहा। महिलाओं एवं बालिकाओ के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधो, एवं उनके उत्पीडन के रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशनशक्ति को जनपद में और अधिक सफल बनाने के उद्देश्य से आज दिनाँक 21 जनवरी 2025 को पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद द्वारा जनपद के सभी थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिसकर्मियों एवं एंटी रोमियों स्क्वाड के साथ पुलिस लाईन अमरोहा में गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । गोष्ठी के दौरान महिला पुलिसक-र्मियों को महिला सम्बन्धी अपराधों में अतिसंवेदनशील, मृदुभाषी होकर महिलाओं/बेटियों के सम्मान, सुरक्षा व स्वावलम्बन के प्रति सजगता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। महिलाओं, बेटियों से छेड़छाड़ करने वालों,अभद्र टिप्पणी करने वालों,



बदतमीजी करने वालों के विरुद्ध कडी वैधानिक कार्यवाही करने व मिशन शक्ति अभियान के तहत शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना व महिला अधिकारों के बारे में महिलाओं/बेटियों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया । निर्देशित किया गया कि स्कूल/कॉलेज/बाजार आदि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर निरंतर भ्रमणशील कर महिलाओं/बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए लैंगिक समानता/हिंसा की रोकथाम के बारे में अवगत कराते हुए पीड़िता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के सम्बन्ध में जागरुक करे । महिलाओं व बच्चों को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों, गुड टच/बैड टच, पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट व डॉयल 112 ऐप व विभिन्न हेल्प लाईन नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक करें । एंटी रोमियों टीमों को चेकिंग के दौरान लोगों के साथ सौम्यता पूर्वक व्यवहार करने तथा मनचलों/ संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही करने के साथ-साथ छेड़खानी आदि घटनाओं को रोकने तथा शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

स्कूल/कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय के सम्बंध में छात्राओं को अवगत कराते हुये उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया के तहत विधिक प्रावधान के बारे में विस्तार से जानकारी देकर एवं पैम्पलेट वितरित कर जागरुक किया जाये तथा छात्राओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाएं/एप्लीकेशन आदि के बारे में जागरुक करें तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाये ।

## महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ब्रह्मचारी गिरीश जी ने भोपाल में आयोजित २१वै आयुर्वेद पर्व में भाग लिया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन डॉ. मोहन यादव ने की. साथ में प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा व आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार और भोपाल से ही विधान सभा सदस्य श्री भगवानदास सबनानी भी उपस्थित थे.

मंत्री द्वय ने मध्य प्रदेश में आयुर्वेद के क्षेत्र में शासन द्वारा किये जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और आयुर्वेद और उसके माध्यम से जनता के स्वास्थ्य लाभ सम्बन्धी अनेक घोषणाएं भी कीं. इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के अध्यक्ष पद्मभूषण वैद्य श्री देवेंद्र त्रिगुणा और वैद्य श्री राकेश शर्मा, अध्यक्ष आचार एवं पंजीयन, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, आयुष विभाग केंद्रीय शासन एवं मध्य प्रदेश शाशन के वरिष्ठ अधिकारी और भारत भर से पधारे अनेक वरिष्ठ वैद्य और विद्वान उपस्थित थे.

ब्रह्मचारी गिरीश जी ने अपने सम्बोधन में कक्षा एक से पीएच डी स्तर तक शिक्षा में स्वास्थ्य शिक्षा को सम्मिलित करने का सुझाव दिया. उन्होंने बताया कि महर्षि संस्थान ने महा स्वास्थ्य शिक्षा अभियान प्रारम्भ किया है. भारत के ५०० जिलों मैं १००० वैद्यों की नियुक्ति करके जनमानस को आयुर्वेद के निवारक सिद्धांतों में प्रशिक्षित किया जायेगा जिससे रोगी होने से बचा जा सके.

गिरीश जी ने माननीय मुख्य मंत्री महोदय को प्रस्तावित किया कि न्यायप्रिय राजा विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका में एक वैदिक अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना की जाये. महर्षि संस्थान यह न्यायालय मध्य प्रदेश शासन की सहायता से स्थापित करने को तैयार है. महर्षि जी ने इस हेतु सन ८० के दशक में प्रस्ताव किया था किन्तु उस समय किसी कारणवश इसकी स्थापना नहीं हो पायी थी. महर्षि संस्थान अब इस कार्य को सम्पादित करना चाहता है. माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में ब्रह्मचारी गिरीश जी के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कहा कि शासन इसकी अनुमति देगा और स्थापना में सहयोग देगा.

मीडिया द्वारा प्रश्नों के उत्तर में ब्रह्मचारी जी ने कहा की ?ये कोई धार्मिक न्यायालय नहीं होगा, किन्तु भारतीय वैदिक सिद्धांतों, भारतीय न्याय पद्धति अर्थात पूर्ण ज्ञान पर आधारित वैश्विक समस्यों को सरलता से सुलझाकर विश्व शांति की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा. उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही विस्तृत प्रस्ताव सरकार को प्रेषित करेंगे.

## कोरापुट के सांसद उलाका, गुनुपुर के विधायक गोमांगो एसओडीसी गठन के लिए कार्यबल में शामिल

भुवनेश्वर (भाषा) ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को दक्षिणी ओडिशा विकास परिषद (एसओडीसी) की स्थापना के लिए गठित कार्यबल में कोरापुट के सांसद सप्तगिरी उलाका और गुनुपुर के विधायक सत्यजीत गोमांगो को शामिल किया है।

कार्यबल का नेतृत्व स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड कर रहे हैं। कांग्रेस नेता उलाका और गोमांगो को शामिल करने के बाद, कार्यबल में अब तीन पदेन सदस्यों को छोड़कर 11 सदस्य हो गए हैं। तीन पदेन सदस्य हैं राजस्व संभागीय आयुक्त (दक्षिणी प्रभाग), राजस्व संभागीय आयुक्त (केंद्रीय प्रभाग) और पश्चिमी ओडिशा विकास परिषद (डब्ल्यूओडीसी) के प्रबंध निदेशक। इससे पहले, परिवहन मंत्री विभूति भूषण जेना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री गोकुलानंद मल्लिक, नबरंगपुर के सांसद बलभद्र माझी, कंधमाल के सांसद सुकांत कुमार पाणिग्रही, दिगपहांडी के विधायक सिद्धांत महापात्र, मलकानगिरी के विधायक नरसिंह मदकामी, परलाखेमुंडी विधायक रूपेश कुमार पाणिग्रही, फुलबनी विधायक उमा चरण मल्लिक और पट्टांगी विधायक रामचन्द्र कदम को इस कार्यबल का सदस्य नियुक्त किया गया।

प्रस्तावित एसओडीसी से क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है, जिसका उद्देश्य राज्य की विकास प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों को शामिल करना है। आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यबल का गठन विकास परिषद की स्थापना, इसकी संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें देने के लिए किया गया है।



## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद

डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

**मेष:** कार्यक्षेत्र में आज अच्छा प्रतिफल मिलेगा। मन में उत्साह रहेगा। जीवन साथी से सुख व सहयोग मिलेगा। अपव्यय सम्भव है। आरामतलबी से बाहर आएं, जीवन में प्रगति के नए मार्ग खुलने वाले हैं। पढ़ाई ठीक चलेगी किन्तु कम्फर्ट जोन से बाहर रहें।

**वृषभ :** आज धैर्य बनाकर रखें। स्वास्थ्य चिंता का विषय बन सकता है। पेट में दर्द या गले में समस्या सम्भव है। मानसिक कष्ट व उलझन रहेगी। विशेष सावधानी रहें। जीवन साथी से भी अनबन समभव है।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहद शुभ है। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। लाभ का योग है। पिता या उच्चाधिकारी से सहयोग व लाभ मिलेगा। पढ़ाई में और सुधार आएगा। स्वास्थ्य भी अपेक्षाकृत सुधरेगा। अनावश्यक क्रोध ना करें, जिद्द से बचें।

**कर्क :** आज का दिन कार्यक्षेत्र की दृष्टि से परिश्रम का दिन है। क्रोध से बचें, नुकसान हो सकता है। रक्त सम्बन्धी समस्या में सुधार आएगा। बुद्धिमानी से खर्च करें, जल्दबाजी से बचें।जीवन में प्रगति की नई सम्भावनाएँ बनेंगी।

**सिंह :** आय की दृष्टि से आज का दिन शुभ है। लाभ का योग है। क्रोध पर काबू रखें, तो आज अवश्य लाभ मिलेगा। सिर या पैर दर्द की समस्या अभी बनी रहेगी, हालाँकि उसमें सुधार भी आएगा।

**कन्या :** आज आपका दिन मिश्रित फलदाई है। लाभ भी होगा तो अपव्यय के भी योग बनेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा, उसकी तुलना में परिणाम अल्प रहेगा। फिर भी मन में उत्साह बना रहेगा और उज्जवल भविष्य की आशा में परिश्रम भरपूर रहेगा।

**तुला :**आज का दिन शुभ फलदाई है। आय बढेगी। पढ़ाई भी ठीक चलेगी। परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहेगा। स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और मन प्रसन्न। जीवन साथी से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन मिश्रित फलदाई है। लाभ का योग है। आय के नवीन स्त्रोत अवश्य बनेंगे। पेट में या छाती में दर्द सम्भव है। स्वास्थ्य पर अवश्य ध्यान दें। पढ़ाई में सुधार आएगा।

**धनु :** आज आपका का दिन मध्यम शुभ है। मन में उत्साह रहेगा और लाभ का योग बनेगा। किन्तु सिरदर्द या उच्च रक्तचाप की समस्या से परेशान हो सकते हैं। आज बिल्कुल क्रोध ना करें, अकारण समस्या बन सकती है।

**मकर :** आज आपका दिन शुभ है। सुख के साधन बढ़ेंगे। वाहन क्रय कर सकते हैं। जीवन साथी से प्रेम व सहयोग प्राप्त होगा। जमीन या किसी नए प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करना शुभ रहेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन मध्यम शुभ है। परीक्षा परिणाम की दृष्टि से आज आपका दिन बहुत अच्छा है, विशेषकर सरकारी नौकरी के लिहाज से। पढ़ाई में सुधार आएगा, मन विचलित ना करें। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मीन :** आप आज भी बहुत व्यस्त और उलझे रहेंगे। भ्रम व किंकर्त्तव्यविमूढ़ता सम्भव है। एलर्जी से समस्या बढ़ सकती है। मन में निराशा के भाव रहेंगे। परन्तु भरोसा रखें, जल्द ही सब ठीक होगा।

# जवाहर नवोदय विद्यालय, गाजीपुर में डाक विभाग ने किया पोस्टकार्ड लेखन एवं पुरस्कार तथा सम्मान कार्यक्रम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वैलियंट वाराणसियन बाइकर्स के माध्यम से डाक विभाग की योजनाओं की जागरूकता एवं संवर्धन के लिए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र के डाककर्मियों की टीम ने आज दिनांक 20.01.2025 अधीक्षक डाकघर, गाजीपुर मण्डल के साथ पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गाजीपुर के प्रांगण में पोस्टकार्ड लेखन एवं डाक कर्मचारी पुरस्कार तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य इकरामुद्दीन सिद्दीकी, श्री पी सी तिवारी अधीक्षक डाकघर गाजीपुर मण्डल, सुश्री पल्लवी मिश्रा सहायक अधीक्षक डाकघर, वाराणसी तथा डाक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं के अविभावकों की उपस्थिति में आयोजित हुआ । जिसमे विद्यालय के कक्षा छः से आठ के छात्र- छात्राओं के बीच पोस्टकार्ड लेखन कराया गया ।




विद्यालय के 15 छात्र- छात्राएँ जिन्होने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए भारतीय सेना के जवानों के विषय में लिखा।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पोस्टमास्टर जनरल द्वारा पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया ।

कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल द्वारा विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं से अपनी लेखनी सुधारने के लिए पत्र लेखन का सुझाव दिया ' मुख्य अतिथि पी एम जी वाराणसी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के समस्त स्टाफ , छात्र-छात्राओं तथा अविभावकों से फिलाटेली डिपॉजिट खाता खुलवाने तथा प्रिंसिपल से फिलेटली क्लब हेतु विशेष अनुरोध किया गया ।

डाक विभाग के शाखाडाकपाल, पोस्टमैन, उपडाकपाल तथा डाक जीवन बीमा के डाइरैक्ट अभिकताओं को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया'

कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार के द्वारा भारतीय डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि खातों एवं महिला सम्मान बचत पत्र लाभार्थी बच्चियो एवं महिलाओं को आगे आकर अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम का सफल समापन कर कर्नल विनोद कुमार की वैलियंट वाराणसियन टीम बलिया के लिए प्रस्थान कर गयी ।

## महाकुम्भ में सिलेण्डर की जांच होगी अनिवार्यः दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश जारी

महाकुम्भ नगर (भाषा) महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना के बाद श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा रसोई गैस (एलपीजी) सिलेण्डर से जुड़ी सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान के अनुसार इस बैठक में विभागीय अधिकारियों, एलपीजी वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एलपीजी रिसाव से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।

बैठक में दिए गए दिशानिदेर्शों के मुताबिक एलपीजी सिलेण्डरों में रिसाव की जांच तकनीकी सहायकों द्वारा की जाएगी। रिसाव की पुष्टि होने पर सिलेण्डर की आपूर्ति रोक दी जाएगी।उपभोक्ताओं के गैस सिलेण्डर, पाइप और रेगुलेटर की जांच कर मानक के अनुसार न होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिये गये।

मेला क्षेत्र में तकनीकी सहायकों के दलों को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगे। मेला क्षेत्र में अधिकतम 100 किलोग्राम गैस तक ही भण्डारण की अनुमति होगी। हर आपूर्ति वाहन का पूरा विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी एलपीजी वितरकों और अधिकारियों को मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में यह तय किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी।

रविवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं के मद्देनजर मंगलवार की बैठक महत्वपूर्ण है।रविवार को महाकुंभ मेले में सेक्टर 16 में किन्नर अखाड़ा शिविर के पास आग लग गई थी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## झारखंड मंत्रिमंडल ने मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर आधारित शिक्षा को मंजूरी दी

रांची (भाषा) झारखंड मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ज्ञानोदय योजना के तहत सरकारी मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी, इसके अलावा राज्य कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को भी मंजूरी दी गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा, ज्ञानोदय योजना के तहत 2024-25 से 2029-30 के बीच 94.95 करोड़ रुपये की लागत से सरकारी मध्य स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा और कंप्यूटर आधारित शिक्षा शुरू की जाएगी। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद ने राज्य कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल द्वारा कुल




18 प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अंतर्गत मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर पर एक विशेष न्यायालय की स्थापना भी शामिल है। मंत्रिमंडल ने राज्य के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक, वित्त प्रबंधक एवं आईटी कार्यकारी के पद सृजित करने को मंजूरी दी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत जांच कर्मियों को 25,000 रुपये तक की लागत वाले मोबाइल फोन उपलब्ध कराने को भी मंजूरी दी गई है।

# आचार्य लोकेशजी ने सूर्यदत्ता एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा पुणे में आयोजित 'भारत की आध्यात्मिक विरासत और विकास' राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया

### अध्यात्म आधारित विकास व्यति और समाज के लिए वरदानः आचार्य लोकेश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

पुणे/ दिल्ली, 21 जनवरी 2025ः अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेशजी ने सूर्यदत्ता एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा पुणे में आयोजित ह्यभारत की आध्यात्मिक विरासत और विकास राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया` बंसीरत्न सभागार में आयोजित संगोष्ठी में सूर्यदत्ता एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन प्रो. संजय चौररिया, उपाध्यक्ष श्रीमति सुषमा चौररिया ने आचार्य लोकेश, दीक्षार्थी चेतन एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया`

विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेश जी ने इस अवसर पर कहा कि भारत की आध्यात्मिक विरासत में सत्य, त्याग, समर्पण सम्मालित है, जिसको अपनाने से व्यक्ति एवं समाज का संतुलित विकास संभव है` विकास के केंद्र में जब अध्यात्म होता है तो वह वरदान बन जाता और जब विकास भौतिकता आधारित होता है तो व अभिशाप बन जाता है। सूर्यदत्ता एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन प्रो. संजय चौररिया ने संगोष्ठी को सबोधित करते हुये कहा कि योगाचार्य चेतन 7 फरवरी को अहमदाबाद आचार्य लोकेश जी के कर कमलों से जैन दीक्षा लेंगे भारत के अगणित धर्मगुरुओं, आचार्यों, संतों ने भारत की आध्यात्मिक विरासत को जीवंत रखा हुआ है।




- प्रोफेसर संजय चौरडिया ने दीक्षार्थी चेतन जी को शाल व माला पहनाकर सम्मानित किया
- 7 फरवरी को अहमदाबाद में अभिनव जैन दीक्षा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ– स्वामी रामदेव

इस अवसर पर मुम्बई से समागत श्री किशोर जैन खाबिया ने जअपने विचार प्रस्तुत किए।

# ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्र और डेलिगेट्स ने महाकुंभ प्रयागराज के दौरान परमार्थ निकेतन, शिविर में पूज्य साध्वी भगवती सरस्वती जी का पावन सान्निध्य व आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया

### ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने जीवन व अध्यात्मिक जिज्ञासाओं का प्राप्त किया समाधान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

प्रयागराज। महाकुंभ के दिव्य अवसर पर परमार्थ निकेतन शिविर, अरैल, प्रयागराज में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के 15 छात्र और डेलिगेट्स का दल आया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से आये छात्रों ने डा साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन में अपने जीवन व अध्यात्म से संबंधित विभिन्न सरस्याओं का समाधान प्राप्त किया। पूज्य साध्वी जी के सान्निध्य में सत्संग के माध्यम से अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। उन सभी के लिये आज की इस दोपहर और संध्या का अनुभव अद्भुत रहा, जिसमें उन्होंने भारत की पवित्र धरोहर और सनातन संस्कृति को महसूस किया और इस आध्यात्मिकता से युक्त अद्भुत संगम पर गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किए।



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और डेलिगेट्स ने अपनी महाकुम्भ यात्रा की शुरूआत साध्वी भगवती सरस्वती जी के साथ एक दिव्य सत्संग से की, जिसमें उन्होंने भारतीय आध्यात्मिकता की शाश्वत विद्या और महाकुंभ मेला के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस संवाद के माध्यम से साध्वी जी ने छात्रों को सनातन शिक्षाओं को आज के वैश्विक चुनौतियों जैसे पर्यावरणीय संरक्षण, अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष समाधान और आंतरिक शांति से जोड़कर समझाया। इसके बाद, छात्रों ने परमार्थ निकेतन द्वारा आयोजित त्रिवेणी संगम में होने वाली पवित्र गंगा जी की आरती में सहभाग किया, जहां गंगा, यमुन और अदृश्य सरस्वती जी के संगम पर पवित्र संगीत और विश्व शान्ति यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। छात्रों को पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूज्य स्वामी जी ने छात्रों को पर्यावरण समर्पित और पारिस्थितिकी जिम्मेदारी से युक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित किया। उनकी यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा परमार्थ निकेतन शिविर में पर्यावरणीय रूप से जारी सतत पहलों का दर्शन करना भी था। उन्होंने ईको फ्रेंडली और सिंगल यूज फ्री आश्रम के दर्शन किये और इस मॉडल की भूरि-भूरि सराहना की, जो आध्यात्मिक सिद्धांतों से जुडने के साथ. पर्यावरणीय चेतना का भी प्रतीक है।

ऑक्सफोर्ड संस्कृत अध्ययन केंद्र का यह भ्रमण महाकुंभ की दिव्यता, भव्यता व नव्यता का प्रतीक है। जो दुनिया भर से लोगों को एकत्र करता है ताकि वे एकता, दिव्यता और सुदृढ़ता के अनुभव को महसूस कर सकें। परमार्थ निकेतन, भारत की शाश्वत विद्या को पूरे विश्व में साझा करने की प्रतिबद्धता का उन छात्रों को संकल्प कराया।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्र और डेलिगेट्स ने गद्गद होकर अनेक नूतन यादों के साथ यहां से प्रस्थान किया। महाकुम्भ से दिव्यता व भव्यता की यादों को अपने दिलों में संजोंये वे धन्यभाव से विदा हुये।

- तीर्थराज प्रयाग की पावन धरा पर प्रवाहित हो रही ज्ञानधार को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया आत्मासात
- पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और पूज्य साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में विश्व विख्यात गंगा आरती में किया सहभाग
- ऑक्सफोर्ड से आध्यात्मिक अनुभव की दिव्य यात्रा

## खबरें फटाफट

### डिप्टी कमांडेट स्व0 सुधीर कुमार यादव के परिजनों को दी गई अनुग्रह सहायता राशि



कानपुर देहात गुजरात हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद डिप्टी कमांडेंट, सुधीर कुमार यादव, पायलट (इंडियन कोस्ट गार्ड) निवासी- ग्राम हरिकिशनपुर,मैथा, जनपद कानपुर देहात के परिजनों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत 50 लाख की अनुग्रह सहायता राशि उनकी पत्नी श्रीमती आवृत्ति नैथानी को 35 लाख तथा उनके माता-पिता श्रीमती राजमनी देवी व पिता श्री नवाब सिंह 15 लाख का चेक नायब तहसीलदार द्वारा प्रदत्त किए गए।

### मृतक छात्रा के परिजनों को मुख्यमंत्री ने घोषित की 02 लाख रुपये की आर्थिक मदद



फतेहपुर। जिले में मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिन्दकी की शैक्षणिक यात्रा पर कानपुर जा रही बस खड़े ट्रेलर से टकरा गई। छात्राएं व विद्यालय स्टॉफ समेत 14 छात्राएं घायल हो गयीं। गंभीर रूप से घायल एक छात्रा की इलाज के दौरान कानपुर के हैलट अस्पताल में मौत हो गई। घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री ने मृतक छात्रा के परिजनों को 02 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की है। यह टक्कर औग़ के पास नेशनल हाईवे -2 पर खड़े ट्रेलर से टक्कर हो गई। इसके पश्चात घायल छात्राओं को मेडिकल टीम व जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान कक्षा - 11 की छात्रा नसरा फातिमा की मृत्यु हो गई। अन्य घायल 11 छात्राओं व 03 स्कूल स्टॉफ का चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है। वे सब खतरे से बाहर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रा नसरा फातिमा के परिजनों को 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

### विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने जारी किया वार्षिक उत्सव का पोस्टर

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के द्वारा वार्षिक उत्सव मिस्टिक 2025 का पोस्टर मंगलवार को जारी कर दिया गया। यह वार्षिकोत्सव 6 और 7 फरवरी को आयोजित होगा जिसमें पांच हजार से अधिक छात्र भाग लेंगे। यह जानकारी मंगलवार को विभाग के निदेशक प्रो. सुधांशु पांड्या ने दी। उन्होंने बताया कि स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयोजकगण वारशी सिंह , डॉ अपर्णा कटियार व डॉ सुधांशु राय के द्वारा वार्षिक उत्सव का पोस्टर लांच किया गया है।

# जिलाधिकारी ने आगामी गणतंत्र दिवस व मतदाता दिवस के सफल आयोजन हेतु की बैठक, दिए निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर देहात कानपुर देहात आगामी मतदाता दिवस व गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गणतन्त्र दिवस का गरिमामय रूप में भव्यतापूर्ण आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए, साथ ही साथ सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय में अभियान चलाकर साफ सफाई करायें। उन्होंने 26 जनवरी के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में नियत समय पर झण्डा रोहण करेंगे। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ प्रभात फेरी, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन विद्यालयों में करायें। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया की पूर्व वर्षो की बात इस वर्ष भी 26 जनवरी को महिला एवं पुरुष साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करेंगे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा मतदाता दिवस के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवनीश दीक्षित समेत 8 लोगो पर एफआईआर हुई दर्ज



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर । कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एक बार फिर माफियाओं और वसूलीबाजों पर बड़ा एक्शन लेते हुए 8 नामजद समेत चार अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर शिवकटरा रोड लाल बंगला चकेरी निवासी महिला नयनतारा जायसवाल की तहरीर पर दर्ज की गई है। महिला का आरोप है कि प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, अधिवक्ता शैलेंद्र पांडेय, पीयूष जायसवाल, ज्योति जायसवाल, जितेंद्र कुमार दीक्षित, संजीव मिश्रा, अंशुल पांडेय समेत एक वरिष्ठ पत्रकार और चार अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि महिला के भाई राकेश कुमार जायसवाल की ईको फ्रेंड्स सोसायटी की चल-अचल संपत्ति पर गैंग ने कब्जा कर लिया है। संस्था के सचिव पीयूष जायसवाल ने संस्था के अध्यक्ष राकेश जायसवाल के निधन के बाद संस्था की कानपुर की करोड़ों की संपत्ति, संस्था के खाते से लाखों रुपए और नैनीताल के फॉर्म हाउस पर कब्जा कर लिया है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की हुई बैठक



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। कानपुर देहात संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2025 को अतंर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी है, जिसके क्रम में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद स्तर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी गठित करने की अपेक्षा की गयी है।

जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा 18 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी बैठक जिलाधिकारी कानपुर देहात की अध्यक्षता तथा प्रवीण कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता उ०प्र०, कानपुर देहात सदस्य संयोजक व अन्य 17 सदस्यों के साथ सम्पन्न की गयी, सदस्य संयोजक द्वारा सहकारिता विभाग की योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी द्वारा जिला सहकारी बैंक लि० कानपुर को दुग्ध, मत्स्य, पशुपालन के क्षेत्र में ऋण वितरण बढाने पर बल दिया गया तथा वित्तीय कार्य योजा बनाने के निर्देश दिये गये, बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा तैयार की गयी वार्षिक कार्य योजना कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करके अनुमोदन कराया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 उमेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुबोध कुमार, नाबार्ड के प्रतिनिधि सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कानपुर में पुलिस अभिरक्षा में भागा हिस्ट्रीशीटर माठा मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो सिपाही सस्पेंड

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर। यहां जिला जेल से कोर्ट में पेशी पर आने के दौरान पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भागा शातिर लुटेरा आरिफ उर्फ माठा पनकी की थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से तमंचा और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पैर में गोली लगने की वजह से उसे इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार होने के बाद दिनभर पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश करती रहीं थी। इसी बीच मिली सटीक सूचना के आधार पर देर रात पनकी पुलिस ने कपली अंडरपास के पास मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके बाएं पैर में गोली लग गई।

आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक और तमंचा बरामद हुआ है। उसे प्राथमिक उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पनकी के गंगागंज निवासी माठा पर पनकी के अलावा शहर के कई थानों में लूट, एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में 16 मामले दर्ज हैं। वह लूट के मामले में जिला जेल में बंद था।

पुलिस के अनुसार एनडीपीएस के मामले में कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर रखा था। इसी मामले में उसकी जेल से एडीजे 11 के कोर्ट में सोमवार को पेशी होनी थी। पुलिस लाइन में सिपाही सत्यम सिंह और सन्नी चौधरी माठा को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रहे थे। शातिर ने मौका देखकर सिपाहियों को धक्का दिया

### 37 साल बाद दाखिल चार्जशीट पर मजिस्ट्रेट की कार्रवाई पर लगाई रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर में हुए 1984 के सिख दंगे में लगभग 37 साल बाद एसआईटी के चार्जशीट दाखिल करने तथा उस पर कानपुर के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेकर याचियों को सम्मन कर आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने की कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। इस घटना की प्राथमिकी वर्ष 1984 में अरमापुर, कानपुर नगर में दर्ज कराई गई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने याची ब्रजेश दूबे व दो अन्य की तरफ से दाखिल धारा 482 दंड प्रक्रिया संहिता की अर्जी पर दिया है। 29 अगस्त 2022 को दाखिल चार्जशीट तथा उस पर कानपुर के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा 14 सितम्बर 2022 को संज्ञान लेकर सम्मन करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

# पुलिस कमिश्नर कार्यालय में अधिवक्ताओं की पुलिसकर्मियों से तीखी नोंकझोक



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। ग्वालटोली में महिला अधिवक्ता पर हमले के बाद रिपोर्ट दर्ज न किए जाने के विरोध में अधिवक्ता संघर्ष समिति की ओर से पुलिस कमिश्नर कार्यालय में नारेबाजी की गई। इस दौरान पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में जाने को लेकर अधिवक्ताओं की पुलिसकर्मियों से तीखी नोंकझोक भी हुई। पुलिस कमिश्नर ने ग्वालटोली इंस्पेक्टर को तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए।

महिला अधिवक्ता नेहा दीक्षित पर हुए हमले के विरोध में पूर्व लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रविंद्र शर्मा की अगुवाई में सैकड़ों वकील पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के कार्यालय पहुंच विरोध दर्ज कराया। नारेबाजी के दौरान रविंद्र शर्मा ने बताया कि महिला अधिवक्ता रेप पीड़ति का केस लड़ रही थीं। जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी ने ग्वालटोली में महिला अधिवक्ता व उनके साथी पर हमला कर दिया, जिससे उनके फ्रैक्चर हो गया। महिला अधिवक्ता ने ग्वालटोली थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित वकील पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के कार्यालय पहुंचे।

वकीलों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस कमिश्नर ने ग्वालटोली इंस्पेक्टर को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए।

### महापौर की अगुवाई में खूब गरजा बुल्डोजर, परेड से उर्सला अस्पताल तक तोड़ी गयीं दुकानें



कानपुर। महापौर के नेतृत्व में मंगलवार को परेड चौराहे से जिला अस्पताल उर्सला तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों समेत भारी पुलिस भी मौजूद रहा। फुटपाथ अवैध अतिक्रमण के चलते उस रास्ते ओर रोजाना सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिसे देख महापौर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा किसी ने भी अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत परेड चौराहे से उर्सला अस्पताल तक फुटपाथ किनारे सैकड़ो दुकानें लगती है। जिस वजह से यहां पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अस्पताल और ब्लड बैंक होने से मरीजों को अस्पताल जाने में काफी समस्या भी होती है। ऐसे में मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडेय बुलडोजर के साथ इन अवैध दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची। नगर निगम दस्ते को अपनी तरफ आता देख दुकानदारों में हड़कम्प मच गया और पहले से ही दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें समेटनी शुरू कर दी।

# साहब, मेरे दो बेटों ने अपने परिवार के साथ मिलकर मेरे घर पर कब्जा कर लिया

**वो मुझे व अन्य बेटों को जान से मारने की धमकी देते हैं**

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर। मिलकर मेरे घर पर कब्जा कर लिया है। वो मुझे व अन्य बेटों को जान से मारने की धमकी देते हैं। वो भी तब जब मैं उन्हें अपनी सम्पत्ति से पूर्व में ही बेदखल कर चुकी हूं। यह कहना था बाबूपुरवा न्यू कालोनी टीपी नगर निवासी जन्नतुन निशा का। वृद्ध महिला ने अपने बेटों और उनकी पत्नियों के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

जन्नतुन निशा (75) के मुताबिक उनके पति सुल्तान अहमद का देहांत पहले हो चुका है। उनके छह पुत्र है। जिसमें दो पुत्र तौफीक अहमद व तौसीफ अहमद पुत्रगण विदेश में ड्राइवरी करते हैं। उनका परिवार जेन्नतुन के घर में ही रहता है। जेन्नतुन के मुताबिक बेटे और बहूओं के गलत व्यवहार के चलते उन्होंने पहले ही इन्हें चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। जेन्नतुन कहती है कि दोनों बेटे और उनके परिवार न तो उनकी देखरेख करते थे न ही उनके दवा इलाज का ख्याल रखते थे।

जेन्नतुन के मुताबिक बेटे और बहूओं को सम्पत्ति से बेदखल करने के बाद भी वो लोग जेन्नतुन के घर में काबिज है। जेन्नतुन के मताबिक उनके दो और बेटे मोहम्मद नसीम और आसिफ अहमद व उनकी पत्नियां पूरा ख्याल रखती है। इस बात से विदेश में रहने वाले बेटे उनसे टशन मानते हैं। वो विदेश से फोन करके अपने भाइयों को धमकी देते हैं कि तुम्हें निकाल देंगे। उनकी पत्नियां धमकी देती है कि झूठे मुकदमें में फंसा देंगे। जेन्नतुन के मुताबिक विदेश में बैठे बेटों की पत्नियां उनके अन्य दो बेटों को जेल भिजवाने का षड्यंत्र रच रही है।

इंस्पेक्टर बाबूपुरवा के मुताबिक वृद्ध महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूली बस ट्रेलर में घुसी, सात छात्राएं घायल



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फतेहपुर। जिले में मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए कानपुर जा रही जीजीआईसी बिन्दकी की छात्राओं से भरी बस ओवरटेक करते समय ट्रेलर से टकरा गई। बस में सवार 60 छात्राओं में 07 छात्राएं घायल हो गई।

क्षेत्राधिकारी वीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कानपुर के जेके मंदिर व आईआईटी टूर के लिए जीजीआईसी बिन्दकी की 240 छात्राएं तीन बसों में सवार होकर जा रही थी। औंग थाना क्षेत्र के छिवली नदी के समीप सबसे पीछे चल रही बस एक ट्रेलर को ओवरटेक करते समय ट्रेलर से जा भिड़ी। दुर्घटनाग्रस्त बस में 11 (ए) एवं 11 (B) क्लास की 60 छात्राएं सवार थी। टक्कर से छात्राओं के बीच चीख पुकार होते देख आसपास के लोग दौड़ आए और पुलिस को घटना की सूचना देकर बचाव कार्य करने लगे। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी वीरसिंह व थानाध्यक्ष औंग हनुमान सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच कर घायलों छात्राओं को कानपुर हैलट अस्पताल में भेजा गया।

# प्रिया के चक्कर में पत्नी को छोड़ा, घर बेचा, फिर भी मिला धोखा

**पिता के इलाज में लाखों खर्च किया, बगैर मेरे संपर्क में आए गर्भवती हुई और गुपचुप एबॉर्शन कराया।**

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**



कानपुर। मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। मैंने प्रिया के चक्कर में अपना घर बेचा, पत्नी को तलाक दे दिया। इतना ही नहीं उसके पिता के इलाज में भी लाखों रुपए बर्बाद कर दिया। इसके बाद भी मुझे बेवफाई मिली। प्रिया बगैर मेरे संपर्क में आए गर्भवती हुई और गुपचुप एबॉर्शन कराया।

अब मेरी बर्दास्त से बाहर हो गया था। इस वजह से मैंने प्रिया को मार डाला। मुझे हत्या का कोई गम नहीं है। यह कुबूलनामा हरबंशमोहाल में अपनी मंगेतर का मर्डर करने वाले हत्यारोपी अजय मिश्रा उर्फ अजय शास्त्री का है। अजय को पुलिस ने उसके मौसी के घर बलिया से अरेस्ट कर लिया। मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके प्रिया कठेरिया मर्डर केस का खुलासा किया। डीसीपी ईस्ट ने बताया कि कानपुर के हरबंशमोहाल पानी की टंकी के पास किराए के कमरे में रहने वाले अजय मिश्रा उर्फ अजय शास्त्री ने अपनी मंगेतर चमनगंज निवासी प्रिया कठेरिया (32) की 18 जनवरी को पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मर्डर करने के बाद आरोपी ने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया था और बलिया में रहने वाली अपनी मौसी के यहां पहुंच गया। मौसी ने अजय शास्त्री के घर पर बहन को फोन किया कि अजय आए हैं और बहुत घबराए हुए हैं। इस दौरान अजय की बहन को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। मौसी का कॉल आते ही हरबंशमोहाल थाने की पुलिस और डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बलिया पुलिस से संपर्क किया। बलिया पुलिस ने अजय शास्त्री को बलिया से अरेस्ट कर लिया और मंगलवार को उसे कानपुर लेकर पहुंची।

पूछताछ के दौरान अजय शास्त्री ने बताया कि विधवा होने के बाद भी उसने प्रिया को अपना लिया था। जबकि उसके 2 साल का एक बच्चा भी है। प्रिया के लिए ही अपनी पत्नी तक को तलाक दे दिया। प्रिया के पिता के इलाज में लाखों रुपए खर्च किया और अपना घर तक बेच डाला। इसके बाद भी प्रिया ने बेवफाई की और वह बगैर मेरे संपर्क में आए प्रेग्नेंट हो गई थी। उसने मुझसे गुपचुप तरीके से अपना अबॉर्शन भी कराया। प्यार में धोखा मिलने की झल्लाहट में प्रिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अजय ने यह भी कहा कि उसे मर्डर का कोई अफसोस नहीं है। पुलिस अजय के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच करने में जुटी है। अजय के पास से आला कत्ल पिस्टल भी बरामद कर ली है। मंगलवार दोपहर को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

ब्रम्ह नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव निवासी अजय मिश्रा उर्फ अजय शास्त्री और चमनगंज की रहने वाली प्रिया कठेरिया (32) के बीच प्रेम संबंध थे। प्रिया के पति की मौत हो गई थी और वह अपने दो साल के बेटे के साथ मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर चलाती थी। जबकि हत्यारोपी अजय मिश्रा उर्फ अजय शास्त्री पंडिताई का काम करता था। पी-रोड के एक मंदिर में दोनों की मुलाकात हुई और प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि अजय ने पत्नी को तलाक दे दिया और दोनों ने शादी करने की ठान ली। लेकिन प्रिया के प्यार में बेवफाई करने से अजय इतना गुस्से में आ गया कि प्रिया की गोली मारकर हत्या कर दी।

# गिल को उपकप्तान बनाना दूरदर्शी कदम: अश्विन

नयी दिल्ली (भाषा) भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्र अश्विन ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शुभमन गिल को उपकप्तान बनने के फैसले को दूरदर्शी कदम करार देते हुए कहा कि शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज की टीम में जगह लगभग पक्की है और उन्हें भविष्य के कप्तान के तौर पर तैयार किया जा सकता है। हाल ही में संपन्न ऑस्ट्रेलिया दौरे पर राष्ट्रीय टीम से संन्यास की घोषणा करने वाले अश्विन ने अपने ह्ययूट्यूब चैनलह्न पर रविवार को कहा, ह्यह्यइस बारे में सोचें कि मौजूदा टीम में उप-कप्तान की भूमिका के लिए और किस पर विचार किया जा सकता है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाने का निर्णय सही है या गलत, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया कदम है, खासकर तब जब वह पिछली श्रृंखला में भी उपकप्तान थे।ह्नह्न



उन्होंने कहा, मैं गलत हो सकता हूं, लेकिन वह शायद टेस्ट क्रिकेट में उप-कप्तान रह चुके हैं। यह एक दूरदर्शी कदम होगा क्योंकि टीम प्रबंधन इस बात पर विचार कर रहा होगा कि भविष्य में नेतृत्व की भूमिका कौन निभा सकता है।

अश्विन ने कहा, (ऋषभ) पंत और (लोकेश) राहुल दोनों एक साथ टीम में खेल सकते हैं लेकिन प्रबंधन ने उस खिलाड़ी को उप-कप्तान बनाया है जिसकी जगह एकादश में पक्की है। गिल को अगर भविष्य में नेतृत्व करने के लिए तैयार किया जाता है, तो वह विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से मार्गदर्शन हासिल कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह प्रतिष्ठित आयोजन पाकिस्तान और यूएई में 19 फरवरी से शुरू होगा। अश्विन ने भारतीय टीम के शीर्ष क्रम में वामहस्त बल्लेबाज के साथ आठवें क्रम पर बल्लेबाजी की क्षमता रखने वाले गेंदबाज की कमी पर चिंता जाहिर की।

उन्होंने कहा, यह टीम 2023 विश्व कप टीम की तरह ही है। पारी का आगाज करने वाले रोहित शर्मा और शुभमन गिल दोनों दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है। विश्व कप में अपने दमदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं जबकि लोकेश राहुल पांचवें क्रम पर। उन्होंने कहा, नंबर छह पर रविंद्र जडेजा या अक्षर पटेल में से किसी एक का विकल्प होगा। हार्दिक पंड्या नंबर सात पर खेल सकते हैं। हमारे पास शीर्ष सात में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी है। संभावित एकादश से बाहर हमारे पास यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत हैं। खब्बू बल्लेबाज जायसवाल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है।

जायसवाल को एकादश में शामिल करने से बदलावों और संयोजनों को लेकर अश्विन ने कहा, जायसवाल केवल तभी खेल सकते हैं जब कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाये। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में मौका मिल सकता है। लेकिन क्या होगा अगर वह लगातार शतक जड़ दे?

## फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगाई

महाकुंभ नगर (उत्तर प्रदेश) (भाषा) सोलह महीने का निलंबन पूरा करने के बाद नये सत्र में वापसी की तैयारी कर रही स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। उनके अध्यात्मिक गुरू ने यह जानकारी दी।

जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता और धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज निमोहीं अखाड़े से जुड़े हैं।

महाराज ने कहा, जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आये बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई। उन्होंने कहा, वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर (असम का पारंपरिक पूजा कक्ष) देखने भी आई। नामघर में एक 'मणिकूट' (आंतरिक गर्भगृह), एक 'कीर्तन घर' (प्रार्थना कक्ष) और एक 'रंगली सुहा' (प्रवेश द्वार) होता है।

## नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में भाग लेंगे विश्व चैंपियन गुकेश और अर्जुन





स्टवान्गर (नॉर्वे) (भाषा) विश्व चैंपियन डी गुकेश और भारत के शीर्ष खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी इस साल 26 मई से छह जून तक यहां होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारूआना जैसे दिग्गजों का सामना करेंगे।

नॉर्वे शतरंज ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व में तीसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा और चीन के विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी वेई यी भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

इस प्रतियोगिता में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, विश्व में नंबर दो कारूआना, नंबर तीन नाकामुरा, नंबर चार एरिगैसी, नंबर पांच और सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और नंबर नौ वेई यी भाग लेंगे। यह उन शतरंज टूर्नामेंट में से एक है जिसमें शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खिलाड़ियों में से चार की रेटिंग 2800 से अधिक है।

## न्यूज ब्रीफ

### सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में; आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे

जकार्ता (भाषा) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चेन झी र और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इन्द्रा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा।

पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टॉंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी।

## आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की

लुसाने (भाषा) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 30 जनवरी से लुसाने में होने वाले विशेष सत्र से पहले आइओसी के प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की। क्रिकेट को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस दृष्टि से यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आईसीसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर दोनों प्रमुख प्रशासकों की बैठक की तस्वीरें पोस्ट की।

आईसीसी ने एक्स पर पोस्ट किया, लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के बाद क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयास जारी हैं। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के लुसाने में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की। शाह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ब्रिस्बेन में थे जहां उन्होंने 2032 में ब्रिस्बेन में होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति के प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले से मुलाकात की, ताकि उन्हें ओलंपिक 2032 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए राजी किया जा सके।

## चैंपियंस ट्रॉफी टीम में नहीं होने का मलाल नहीं: सूर्यकुमार

कोलकाता (भाषा) भारतीय टी20 टीम के कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने को स्वीकार करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात की है कि वह वनडे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चुने गए खिलाड़ी टीम में शामिल होने के हकदार हैं।

चयनकर्ताओं ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम के लिए सूर्यकुमार को नजरअंदाज किया है। वह हालांकि बुधवार से यहां जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

सूर्यकुमार को मैदान के चारों



ओर शॉट सहजता से बड़े शॉट खेलने की क्षमता के कारण मौजूदा समय में टी20 प्रारूप के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। वह हालांकि टी20 प्रारूप की सफलता को वनडे में जारी रखने में विफल रहे है। एकदिवसीय में उन्होंने 37 मैचों में 25.76 के औसत से 773 रन बनाये है।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरूआती मैच की पूर्व संध्या पर जब सूर्यकुमार से पूछा गया क्या चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने से वह मायूस हैं तो उन्होंने कहा, कोई मायूस क्यों होगा? मैं अगर अच्छा (वनडे में) करूंगा तो टीम में जगह मिलेगी। मैंने अगर अच्छा नहीं किया तो ऐसा नहीं होगा। इसे स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है।

उन्होंने कहा, इसके साथ ही अगर आप टीम (चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गयी) को देखे तो वह शानदार है। इस टीम में जो भी है वे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। उन सब से इस प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और मैं उनके लिए काफी खुश हूं।

सूर्यकुमार ने कहा, मुझे यह मलाल है कि मैंने इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर मैंने अच्छा किया होता तो मैं उस टीम में होता। जिस खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया है वह जगह का हकदार है। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह और चोट से वापसी कर रहे मोहम्मद शमी अगर फिट रहे तो चैम्पियंस ट्रॉफी में किसी भी टीम के खिलाफ ह्यखतरनाक संयोजनह्न साबित होंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह चोट के कारण पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे।

सूर्यकुमार ने कहा, उन्होंने एक साथ काफी क्रिकेट खेला है। वे अनुभवी गेंदबाज हैं। जब भी आप भारत के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग तरह की भावना होती है। इसमें जिम्मेदारी का भी एहसास होता है और आप देश के लिए खेलना पसंद करते है। दोनों को एक साथ गेंदबाजी करते देखना अच्छा होगा जैसा कि हमने एकदिवसीय विश्व कप में देखा था।

## मंधाना एक स्थान के सुधार के साथ आईसीसी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची

दुबई (भाषा) भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बायें हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 135 रन बनाने से पहले शुरूआती दो मैचों में 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी। इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है। रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (773 अंक) शीर्ष पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'अपना डॉट कॉम' छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर करियर पोर्टल लाएगी



मुंबई (भाषा) नौकरी एवं पेशेवर नेटवर्किंग मंच 'अपना डॉट कॉम' ने मंगलवार को कहा कि उसने स्नातक करने वाले युवाओं को नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक 'करियर पोर्टल' पेश करने का छत्तीसगढ़ सरकार के साथ समझौता किया है।

'अपना डॉट कॉम' ने एक बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) के साथ एक समर्पित करियर पोर्टल लाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

यह पोर्टल राज्य भर में छात्रों और नए स्नातकों को सात लाख से अधिक नियोक्ताओं से जोड़कर और सालाना 1.50 लाख रोजगार की सुविधा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने का आधार तैयार करेगा।

यह साझेदारी छत्तीसगढ़ के रोजगार बाजार की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, प्रशासन एवं आईटी सहयोग, बिक्री एवं व्यवसाय विकास, बैंकिंग एवं वित्त सेवा, स्वास्थ्य सेवा और आतिथ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

'अपना डॉट कॉम' के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी निर्मित पारिख ने कहा, इस साझेदारी से हम छत्तीसगढ़ के युवाओं को न केवल तत्काल रोजगार अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि स्थायी करियर बनाने के लिए आवश्यक दीर्घकालिक संसाधन और उपकरण प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेंगे।

## सरकार ने हीरा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की, एक अप्रैल से होगी लागू

नयी दिल्ली (भाषा) सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने और मूल्य संवर्धन के लिए मंगलवार को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन' योजना शुरू की। इसके तहत एक तय सीमा तक तराशे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि हीरा उद्योग निर्यात में भारी गिरावट और श्रमिकों की नौकरी जाने का सामना कर रहा है। इस योजना की मदद से उद्योग को फिर से जीवंत करने की उम्मीद है। इसके तहत 10 प्रतिशत मूल्य संवर्धन के साथ निर्यात को अनिवार्य किया गया है।

बयान में कहा गया, ''वाणिज्य विभाग ने 21 जनवरी को हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य भारत के हीरा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।'' वाणिज्य मंत्रालय ने यह भी कहा



कि दो-सितारा निर्यात घर का दर्जा रखने वाले और प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात करने वाले हीरा निर्यातक इस योजना के तहत लाभ उठा सकते हैं।

मंत्रालय ने कहा, ''यह योजना 25 कैरेट (25 सेंट) से कम वजन के प्राकृतिक कटे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देती है।'' मंत्रालय ने साथ ही कहा कि यह योजना भारतीय हीरा निर्यातकों, विशेष रूप से एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को समान अवसर देने के लिए बनाई गई है।

## सरकार ने तुअर दाल के लिए मुक्त आयात नीति मार्च 2026 तक बढ़ायी



नयी दिल्ली (भाषा) सरकार ने तुअर दाल के लिए मुक्त आयात नीति को अगले साल 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने सोमवार को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की।

अधिसूचना में कहा गया है, तुअर दाल के मुक्त आयात की नीति 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी गई है। मुक्त श्रेणी के तहत उत्पादों के आयात पर कोई अंकुश नहीं है। सरकार ने 15 मई, 2021 से 'मुक्त श्रेणी' के तहत तुअर के आयात की अनुमति दी थी। इसके बाद, समय-समय पर मुक्त आयात व्यवस्था को बढ़ाया गया है।

## नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2030 तक 500 गीगावाट करने को प्रतिबद्ध: केंद्रीय मंत्री जोशी

जयपुर (भाषा) केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक देश में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 500 गीगावाट करने को प्रतिबद्ध है। सरकार इस अवधि में देश की ऊर्जा की 50 प्रतिशत आवश्यकता को नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने के लिए भी कटिबद्ध है।

यहां नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश में नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 500 गीगावाट तक बढ़ाने, वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत पूरा करने तथा वर्ष 2070 तक देश को शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन तक ले जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस प्रतिबद्धता को पूरा



करने की दिशा में केन्द्र और राज्य सरकारें तेजी से काम कर रही हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार जोशी ने कहा कि वर्ष 2032 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता दोगुनी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। सबसे तेज गति से प्रगति करते हुए देश आज पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र आगे बढ़ सकें, इसके लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप 2026) के अनुसार आने वाले समय में कार्बन उत्सर्जन घटाने और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए आने वाले वर्षों में विश्व के कई देशों में जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल, डीजल आदि) के औद्योगिक उपयोग पर हरित कर लगाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में भारतीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने और ह्यग्लोबल वार्मिंगह्न से निपटते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना हम सबका कर्तव्य है। केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना से देश में एक करोड़ परिवारों का बिजली बिल लगभग शून्य हो जाएगा जो उन्हें ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पीएम कुसुम योजना किसानों की वितरण कंपनियों पर निर्भरता कम कर उनकी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में कारगर पहल साबित हुई है।

## ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी दी

वाशिंगटन (भाषा) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चेतावनी दी कि अगर ब्रिक्स समूह के देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी डॉलर की जगह किसी दूसरी मुद्रा को लाने के लिए कोई कदम उठाते हैं तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।

ब्रिक्स देशों में भारत भी शामिल है। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली उन्होंने कहा, ''अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं तो ठीक है, लेकिन हम उनके अमेरिका के साथ व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं।''

ट्रंप ने कहा कि अगर ये देश वैश्विक व्यापार में डॉलर के इस्तेमाल को कम करने के बारे में सोचते भी हैं तो उन पर 100 प्रतिशत शुल्क



लगाया जा सकता है। ब्रिक्स दस देशों - रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात - का एक अंतर-सरकारी संगठन है। दिसंबर में भी ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दी थी। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था, ''हमें इन देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। वर्ना उन्हें 100 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा और उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपनी बिक्री को अलविदा कहना पड़ेगा।'' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिसंबर में कहा था कि भारत कभी भी डॉलर को हटाने के पक्ष में नहीं रहा है और ब्रिक्स मुद्रा लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। आव्रजन पर एक सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें कानूनी आव्रजन से कोई दिक्कत नहीं है। ट्रंप ने कहा कि देश को और अधिक कानूनी आव्रजन की जरूरत होगी, क्योंकि उनकी शुल्क नीतियों के कारण विनिर्माण का विस्तार होने जा रहा है।

## गडकरी ने मुंबई के उपनगरों को नए हवाई अड्डे से जोड़ने के लिए 'वाटर टैक्सी' का प्रस्ताव रखा

मुंबई (भाषा) केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई के दूरदराज उपनगरों से लोगों को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचाने के लिए 10,000 वाटर टैक्सी का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यहां आईसी-ईआरपी 2025 प्रदर्शनी में यह जानकारी दी।

गडकरी ने सुझाव दिया कि उन्होंने पहले ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'वाटर टैक्सी' वित्तीय राजधानी के उत्तर में अरब सागर के किनारे स्थित विरार जैसे उपनगरों और ठाणे क्रीक के साथ उत्तर पूर्व में कल्याण-डोंबिवली जैसे उपनगरों से लोगों को 70 मिनट में नए हवाई अड्डे तक पहुंचा सकती हैं। उन्होंने कहा, ''वसई-विरार से कल्याण-डोंबिवली तक मुंबई के सभी हिस्सों से वॉटर टैक्सी 70 मिनट में नए हवाई अड्डे से जुड़ सकती हैं।

## सरकार ने ई-कॉमर्स को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए मसौदा नियम जारी किए

नयी दिल्ली (भाषा) सरकार ने ई-कॉमर्स मंचों के लिए मसौदा दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने के लिए स्व-नियामक उपायों को अनिवार्य किया गया है।

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की देखरेख में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने ये मसौदा दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इसका शीर्षक 'ई-कॉमर्स-सिद्धांत और स्व-शासन के लिए दिशानिर्देश' है। इस पर 15 फरवरी तक विभिन्न पक्षों से सुझाव मांगे गए हैं।

मसौदे में कहा गया है, ''ई-कॉमर्स के उदय ने नई चुनौतियां पेश की हैं, खासकर उपभोक्ता संरक्षण और विश्वास के मामले में। इस संदर्भ में ई-कॉमर्स में स्व-शासन के लिए स्पष्ट और प्रभावी नियमों और मानदंडों पर जोर देने की जरूरत है।''

यह ढांचा ई-कॉमर्स संचालन के लिए लेनदेन से पहले, अनुबंध और लेनदेन के बाद के चरणों को शामिल करते हुए तीन स्तरीय सिद्धांत पेश करता है।

लेनदेन से पहले के चरण के तहत मंच को व्यावसायिक भागीदारों, विशेष रूप से तृतीय-पक्ष विक्रेताओं का गहन केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) करना चाहिए।

अनुबंध करने के दौरान मंच को उपभोक्ता की सहमति दर्ज करनी चाहिए, लेनदेन की समीक्षा का प्रावधान करना चाहिए। साथ ही सौदा रद्द करने, सामान की वापसी और धनवापसी के लिए पारदर्शी नीतियां बनानी चाहिए।

लेनदेन के बाद के दिशानिर्देशों में नकली उत्पादों के लिए, अतिरिक्त प्रावधानों के साथ ही धन वापसी, सामान वापसी या बदलने के लिए स्पष्ट समयसीमा तय करने की बात कही गई है।



जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें और इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.


नई दिल्ली, बुधवार 22 जनवरी 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित आवास पर आए हुए आगंतुकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुना व उचित कार्रवाई सुनिश्चित किया

## मुरादाबाद में लाला ओमप्रकाश मेमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से श्रीमहाकालेश्वर धाम में मूर्तियों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# जगदगुरु शंकराचार्य की अध्यक्षता और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे मुख्य अतिथि

### वैदिक सनातन धर्म की परंपरा के अनुरूप संपन्न हो रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में आज अन्तिम दिन मुरादाबाद सहित विभिन्न प्रदेशों के हजारों धार्मिक शख्सियत, संभ्रांत लोग ओम संस परिवार की भक्ति के साथ कार्यक्रम में जुड़ेंगे













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** श्री महाकालेश्वर धाम नया मुरादाबाद के चल रहे तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज सम्पूर्ण होने वाले भव्य समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही इस भव्य आयोजन में लोगों को आशीर्वाद देने के लिए शारदा पीठाधीश्वर अनन्त श्री जगद् श्री जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वरा नंद जी महाराज भी अपना आशीर्वाद वचन देने के लिए अध्यक्ष के रूप में रहेंगे।

श्रीमहाकालेश्वर के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की इस घोषित कार्यक्रम के मुताबिक इसमें प्रतिमाओं का जलाधियाना, अन्नाधिवास फलपुष्प का भी कार्यक्रम होगा साथ ही 1100 मंत्रों द्वारा यज्ञ में आहुति भी दी जाएगी। बताते चलें कि महाकालेश्वर धाम में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के पश्चात आज बुधवार 22 जनवरी, 2025 को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला एवं माँ दुर्गा की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हर तरह की तैयारियां बीते कई दिनों से चल रही थी , जिसको आज अंतिम रूप दिया जा चुका है। यह समारोह 20 जनवरी को प्रारंभ होकर विधिवत वैदिक सनातन धर्म परंपरा के अनुसार विशाल शोभा यात्रा एवं मंत्र उच्चारण के बीच संपन्न हो रही है।

मुरादाबाद पीतल नगरी के लोकप्रिय समाजसेवी उद्योगपति श्री महेश अग्रवाल जी द्वारा स्थापित उनके पूर्वजों के नाम से लाला ओमप्रकाश अग्रवाल मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से विगत बरसों निर्माण किए गए श्री महाकालेश्वर धाम परिसर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के इस भव्य समारोह में देश की आध्यामिक परम्पराओं के संत शिरोमणी एवं महापुरूष, गणमान्य यशस्वीजन भी शामिल होंगे।

महाकालेश्वर धाम, नया मुरादाबाद के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के इस मौके पर राम नाम के बीज मंत्रो का 1.25 लाख जाप, दुर्गा सप्तमी शती के 51000 मंत्रों का पाठ ,, संगीतमय संपूर्ण रामायण का पाठ भी किया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा के इस भव्य समारोह के लिए सारी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

कार्यक्रम में बनारस और तिरुपति के विद्वान शास्त्रीय बटुकों के द्वारा विधिवत वैदिक सनातन धर्म परंपरा से मंत्रोंच्चारण और हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हो रहा है जो सभी के लिए अलौकिक दर्शनीय और जीवन में यश समृद्धि और स्वस्थमय जीवन की कामना को पूर्ण करता है।

# कैबिनेट मंत्री धर्मभीरू नंद गोपाल नंदी ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का स्वागत कर आशीर्वाद लिया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

भारत की वैदिक सनातनी संस्कृति और उसकी सांस्कृतिक विरासत की दिव्य अभिव्यक्ति के महापर्व ''महाकुम्भ 2025 में सम्मिलित होने के लिए प्रयागराज पहुंचे भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी का जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्री विभूषित पूज्यपाद श्री स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी के प्रभु प्रेमी संघ शिविर में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी ने हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति जी का स्नेहिल मार्गदर्शन एवं स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## संभल दंगों की जांच के लिए न्यायिक आयोग ने मौके का दौरा कर सुनवाई शुरू की

**संभल** (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुए दंगों से प्रभावित इलाकों का मंगलवार को निरीक्षण किया और लोगों के बयान दर्ज करने के लिए सुनवाई शुरू की। आयोग ने शाही जामा मस्जिद क्षेत्र सहित इन स्थानों का फिर से दौरा किया, जहां 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। न्यायिक आयोग में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा, राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक अरविंद कुमार जैन और राज्य के पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं। सरकार ने दंगों की जांच करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पिछले साल यह आयोग गठित किया था। आयोग ने पहले भी संभल का दौरा किया था। आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई और मुरादाबाद रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी भी थे।






# प्रियंका गांधी 'स्त्री शक्ति' हैं, राहुल गांधी 'युवा शक्ति' : कांग्रेस अध्यक्ष खरगे



**बेलगावी** (कर्नाटक), (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा की तुलना अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाली विभूतियों - कित्तूर रानी चेन्नम्मा और 'झांसी की रानी' लक्ष्मी बाई से की और कहा कि वह 'स्त्री शक्ति' का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने राहुल गांधी को 'युवा शक्ति' का प्रतीक बताया।

यहां 'गांधी भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने 1924 में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में बेलगावी में हुए कांग्रेस के एक मात्र अधिवेशन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने कहा, "अगर कोई कित्तूर की चेनम्मा हैं तो प्रियंका गांधी हैं। अगर कोई झांसी की रानी हैं तो प्रियंका गांधी हैं। वह बहुत मजबूत हैं। राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्होंने ही परिवार को संभाला। हमारे पास स्त्री शक्ति (प्रियंका गांधी में) और युवा शक्ति राहुल गांधी हैं।"

'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा गया और उन पर हाल ही में राज्यसभा में भारतीय संविधान और इसके निर्माता बी.आर. आंबेडकर का 'अपमान' करने का आरोप लगाया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने आरोपों को "झूठ" बताकर खारिज कर दिया था।

खरगे ने बेलगावी में दिए गए महात्मा गांधी के प्रसिद्ध बयान को भी याद किया, "मैं जिंदा रहना चाहता हूं भारत के लिए, मरना चाहता हूं भारत के लिए।" उन्होंने दावा किया कि गांधी की हत्या करने वाला नाथूराम गोडसे हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर का शिष्य था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह हालांकि गांधी के प्रति सम्मान दिखाते हैं, लेकिन वास्तव में वे गोडसे की पूजा करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भाजपा पर जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल तथा गांधी और आंबेडकर के बीच मतभेद का आरोप लगाकर "खेल खेलने" का भी आरोप लगाया।

भाजपा के कांग्रेस ने आंबेडकर की हार सुनिश्चित करके उनका अपमान करने के दावे का खंडन करते हुए खरगे ने जनता को एक पत्र दिखाया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह आंबेडकर द्वारा उनके मित्र कमलाकांत को लिखा गया था, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि सावरकर और एस.ए. डांगे उनकी हार के लिए जिम्मेदार थे।

खरगे ने कहा, "आज भाजपा आंबेडकर का नाम जपती है और संविधान के आगे सिर झुकाती है। यह क्या नौटंकी है? अगर संविधान, आंबेडकर और नेहरू की मूर्तियां जलाने वाला कोई है तो वह भाजपा और आरएसएस और हिंदू महासभा है।"

कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि यह उनकी पार्टी थी जिसने आंबेडकर को चुनाव जीतने में मदद की थी।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569 I प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।